Durga Tutorial
Since 1996
Baniapur

# Durga Tutorial

Online Classes

बिहार बोर्ड और CBSE बोर्ड की तैयारी
Free Notes के लिए
www.durgatutorial.com
पर जाएँ।

ज्यादा जानकारी के लिए हमें
Social Media पर Follow करें।

https://www.facebook.com/durgatutorial23/?modal=admin_todo_tour

https://twitter.com/DurgaTutorial

https://www.instagram.com/durgatutorial/

https://www.youtube.com/channel/UC5AJcz6Oizfohqj7eZvgeHQ

9973735511

**अध्याय-11**

# त्रि-विमीय ज्यामिती

## (Three-Dimensional Geometry)

### (Important Formulae and Definitions)

**1.** एक बिन्दु $\vec{a}$ से जाने वाली सदिश $\vec{b}$ के समान्तर रेखा का समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + n\vec{b}$$

**2.** दो बिन्दुओं $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + n(\vec{b} - \vec{a})$$

**3.** एक बिन्दु से जाने वाले तथा दो असमान्तर सदिशों के समान्तर समतल का समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + t\vec{b} + s\vec{c}$$

**4.** तीन बिन्दुओं से जाने वाले समतल का समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + t(\vec{b} - \vec{a}) + s(\vec{c} - \vec{a})$$

**5.** चार बिन्दुओं के एक समतलीय होने का प्रतिबन्ध यदि $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ तथा $\vec{d}$ चार बिन्दुओं के स्थिति सदिश हैं, तो

$$\vec{a} + \lambda\vec{b} + \mu\vec{c} + \nu\vec{d} = 0, \text{ जहाँ } 1 + \lambda + \mu + \nu = 0.$$

**प्रश्नावली 11·1**

**प्रश्न 1. यदि एक रेखा $x$, $y$ और $z$ अक्षों के साथ क्रमशः 90°, 135°, 45° के कोण बनाती है तो इसकी दिक्-कोसाइन ज्ञात कीजिए।**

**हल :** मान लीजिए रेखा की दिक्-कोसाइन $l$, $m$, तथा $n$ हैं।

अतः
$$l = \cos 90° = 0$$
$$m = \cos 135°$$
$$= \cos (180° - 45°)$$

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

$$= -\cos 45° = -\frac{1}{\sqrt{2}}$$

तथा $$n = \cos 45° = \frac{1}{\sqrt{2}}$$

अतः दिक्-कोसाइन हैं : $0, -\frac{1}{\sqrt{2}}$ तथा $\frac{1}{\sqrt{2}}$. **उत्तर**

**प्रश्न 2. एक रेखा की दिक्-कोसाइन ज्ञात कीजिए जो निर्देशांक्षों के साथ समान कोण बनाती है।**

**हल :** मान लीजिए एक रेखा निर्देशांक्षों के साथ कोण $\alpha$ बनाती है।

अतः रेखा के दिक्-कोसाइन $\cos\alpha, \cos\alpha, \cos\alpha$ होंगे।

परन्तु हम जानते हैं कि

$$l^2 + m^2 + n^2 = 1$$

या $$\cos^2\alpha + \cos^2\alpha + \cos^2\alpha = 1$$

या $$3\cos^2\alpha = 1$$

या $$\cos\alpha = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$$

अतः रेखा के दिक्-कोसाइन $\pm\frac{1}{\sqrt{3}}, \pm\frac{1}{\sqrt{3}}, \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$ हैं। **उत्तर**

**प्रश्न 3. यदि एक रेखा के दिक्-अनुपात –18, 12, –4 हैं तो इसकी दिक्-कोसाइन क्या हैं ?**

**हल :** मान लीजिए $a, b, c$ रेखा के दिक्-अनुपात हों तो

यहाँ $$a = -18, b = 12, c = -4$$

$\therefore$ $$\sqrt{a^2+b^2+c^2} = \sqrt{(-18)^2+12^2+(-4)^2}$$

$$= \sqrt{324+144+16} = \sqrt{484} = 22$$

अतः दिक्-कोसाइन : $$\cos\alpha = \frac{a}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}} = \frac{-18}{22} = \frac{-9}{11}$$

$$\cos\beta = \frac{b}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}} = \frac{12}{22} = \frac{6}{11}$$

$$\cos\gamma = \frac{c}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}} = \frac{-4}{22} = \frac{-2}{11}$$

अतः रेखा के दिक्-कोसाइन = $\frac{-9}{11}, \frac{6}{11}$ तथा $\frac{-2}{11}$. **उत्तर**

**प्रश्न 4. दर्शाइए कि बिन्दु (2, 3, 4), (–1, –2, 1), (5, 8, 7) संरेख हैं।**

**हल :** मान लीजिए दिए गए बिन्दु A(2, 3, 4), B(–1, –2, 1), C(5, 8, 7)

अतः $$AB = \sqrt{(-1-2)^2+(-2-3)^2+(1-4)^2}$$

$$= \sqrt{(-3)^2+(-5)^2+(-3)^2}$$

$$= \sqrt{9+25+9} = \sqrt{43}$$

$$BC = \sqrt{(5+1)^2+(8+2)^2+(7-1)^2}$$

Durga Tutorial Baniapur

$$= \sqrt{6^2 + 10^2 + 6^2} = \sqrt{36+100+36}$$
$$= \sqrt{172} = 2\sqrt{43}$$

तथा $$CA = \sqrt{(2-5)^2 + (3-8)^2 + (4-7)^2}$$
$$= \sqrt{(-3)^2 + (-5)^2 + (-3)^2}$$
$$= \sqrt{9+25+9} = \sqrt{43}$$

अब $$CA + AB = \sqrt{43} + \sqrt{43} = 2\sqrt{43} = BC$$

अत: A, B, C सरेख हैं। इति सिद्धम्।

**प्रश्न 5. एक त्रिभुज की भुजाओं की दिक्-कोसाइन ज्ञात कीजिए यदि त्रिभुज के शीर्ष बिन्दु (3, 5, –4), (–1, 1, 2) और (–5, –5, –2) हैं।**

**हल :** मान लीजिए त्रिभुज ABC के शीर्ष A(3, 5, –4), B(–1, 1, 2) और C(–5, –5, –2) हैं।

(i) भुजा AB के दिक्-अनुपात = – 1 – 3, 1 – 5, 2 + 4 = – 4, – 4, 6

$\therefore$ AB के बीच की दूरी $= \sqrt{(-4)^2 + (-4)^2 + 6^2} = \sqrt{16+16+36}$

$$= \sqrt{68} = 2\sqrt{17}$$

अत: AB की दिक्-कोसाइन

$$= \frac{-4}{2\sqrt{17}}, \frac{-4}{2\sqrt{17}}, \frac{6}{2\sqrt{17}}$$

$$= \frac{-2}{\sqrt{17}}, \frac{-2}{\sqrt{17}}, \frac{3}{\sqrt{17}}.$$ उत्तर

(ii) BC के दिक्-अनुपात – 5 + 1, – 5 –1, – 2 – 2 = – 4, – 6, – 4

$\therefore$ BC के बीच की दूरी $= \sqrt{(-4)^2 + (-6)^2 + (-4)^2}$

$$= \sqrt{16+36+16} = \sqrt{68} = 2\sqrt{17}$$

अत: BC के दिक्-कोसाइन

$$= \frac{-4}{2\sqrt{17}}, \frac{-6}{2\sqrt{17}}, \frac{-4}{2\sqrt{17}}.$$

या $$= \frac{-2}{\sqrt{17}}, \frac{-3}{\sqrt{17}}, \frac{-2}{\sqrt{17}}.$$ उत्तर

(iii) इसी प्रकार भुजा CA की दिक्-अनुपात 3 + 5, 5 + 5, – 4 + 2 = 8, 10, –2

$\therefore$ CA के बीच की दूरी $= \sqrt{8^2 + 10^2 + (-2)^2}$

$$= \sqrt{64+100+4}$$
$$= \sqrt{168} = 2\sqrt{42}$$

अत: CA की दिक्-कोसाइन

$$= \frac{8}{2\sqrt{42}}, \frac{10}{2\sqrt{42}}, \frac{-2}{2\sqrt{42}}.$$

$$= \frac{4}{\sqrt{42}}, \frac{5}{\sqrt{42}}, \frac{-1}{\sqrt{42}}.$$ उत्तर

Durga Tutorial Baniapur

## प्रश्नावली 11.2

**प्रश्न 1. दर्शाइए कि दिक्-कोसाइन $\frac{12}{13}, \frac{-3}{13}, \frac{-4}{13}; \frac{4}{13}, \frac{12}{13}, \frac{3}{13}; \frac{3}{13}, \frac{-4}{13}, \frac{12}{13}$ वाली तीन रेखाएँ परस्पर लम्बवत् हैं।**

**हल :** यदि दो रेखाएँ लम्बवत् हों, तो

$$l_1l_2 + m_1m_2 + n_1n_2 = 0$$

मान लीजिए दिए गए द्विक् कोसाइनों से क्रमशः $AB, CD, EF$ अभीष्ट रेखाएँ हों, तब परस्पर लम्बवत् हेतु

$$AB \perp CD = 0$$

$$CD \perp EF = 0$$

और $$AB \perp EF = 0$$

दिया है :

$$l_1 = \frac{12}{13}, m_1 = \frac{-3}{3}, n_1 = \frac{-4}{13}$$

$$l_2 = \frac{4}{13}, m_2 = \frac{12}{13} \text{ तथा } n_2 = \frac{3}{13}$$

$$\therefore \quad \frac{12}{13} \times \frac{4}{13} + \left(\frac{-3}{13}\right)\left(\frac{12}{13}\right) + \left(\frac{-4}{13}\right)\left(\frac{3}{13}\right) = \frac{48-36-12}{13 \times 13} = 0$$

अतः प्रथम दो द्विक कोसाइनों से रेखाएँ लम्बवत् हैं।

अब $CD$ और $EF$ हेतु

$$\left(\frac{4}{13}\right)\left(\frac{3}{13}\right) + \left(\frac{12}{13}\right)\left(-\frac{4}{13}\right) + \left(\frac{3}{13}\right)\left(\frac{12}{13}\right) = \frac{12}{169} - \frac{48}{169} + \frac{36}{169} = 0$$

और $AB$ और $EF$ हेतु,

$$\left(\frac{12}{13}\right)\left(\frac{3}{13}\right) + \left(\frac{-3}{13}\right)\left(-\frac{4}{13}\right) + \left(\frac{-4}{13}\right)\left(\frac{12}{13}\right) = \frac{36}{169} + \frac{12}{169} - \frac{48}{169} = 0$$

अतः $AB$, $CD$ और $EF$ तीनों ही रेखाएँ परस्पर लम्बवत् हैं। **इति सिद्धम्।**

**प्रश्न 2. दर्शाइए कि बिन्दुओं (1, – 1, 2), (3, 4, – 2) से होकर जाने वाली रेखा बिन्दुओं (0, 3, 2) और (3, 5, 6,) से जाने वाली रेखा पर लम्ब है।**

**हल :** मान लीजिए प्रश्नानुसार बिन्दु A(1, – 1, 2) एवं $B$(3, 4, – 2) हैं। अतः बिन्दु $A$(1, – 1, 2) एवं $B$(3, 4, – 2) से होकर जाने वाली रेखा के दिक्-अनुपात 3 – 1, 4 + 1, – 2 – 2 या 2, 5, – 4 होंगे।

इसी प्रकार माना कि प्रश्नानुसार $C$(0, 3, 2) एवं $D$(3, 5, 6) हैं। अतः बिन्दु $C$(0, 3, 2) और $D$(3, 5, 6,) से होकर जाने वाली रेखा के दिक्-अनुपात 3 – 0, 5 – 3, 6 – 2 या 3, 2, 4 होंगे। अब यदि $AB \perp CD$ तो

$$a_1a_1 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$$

अतः $$2 \times 3 + 5 \times 2 + (-4) \times 4 = 6 + 10 - 16 = 0$$

अतः प्रश्नानुसार दिए बिन्दुओं से होकर जाने वाली रेखाएँ अर्थात् $AB$ रेखा $CD$ पर लम्ब हैं। **उत्तर**

**प्रश्न 3. दर्शाइए कि बिन्दुओं (4, 7, 8), (2, 3, 4) से होकर जाने वाली रेखा बिन्दुओं (– 1 – 2, 1) और (1, 2, 5) से जाने वाली रेखा के समान्तर है।**

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

हल : मान लीजिए दिए गए बिन्दु $A(4, 7, 8)$ तथा $B(2, 3, 4)$ हैं। अत: बिन्दु $A(4, 7, 8,)$ $B(2, 3, 4)$ से होकर जाने वाली रेखा $AB$ के दिक्-अनुपात $2-4, 3-7, 4-8$ अर्थात् $-2, -4, -4$ या $1, 2, 2$ होंगे।

इसी प्रकार मान लीजिए दिए गए बिन्दु $C(-1, -2, 1)$ तथा $D(1, 2, 5)$ हैं। अत: बिन्दु $C(-1, -2, 1)$ और $D(1, 2, 5)$ से होकर जाने वाली रेखा $CD$ के दिक्-अनुपात $1-(-1), 2-(-2), 5-1$ या $2, 4, 4$, या $1, 2, 2$ होंगे।

हम जानते हैं कि दो रेखाएँ समान्तर होंगी यदि $\frac{a_1}{a} = \frac{b_1}{b} = \frac{c_1}{c}$

यहाँ $AB$ और $CD$ दोनों के दिक्-अनुपात $1, 2, 3$ हैं।

अत: $AB$ तथा $CD$ आपस में समान्तर हैं। इति सिद्धम्।

**प्रश्न 4. बिन्दु (1, 2, 3) से गुजरने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो सदिश $3\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}$ के समान्तर है।**

हल : माना $\vec{a} = \hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}$

और $\vec{b} = 3\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}$

अभीष्ट रेखा $AB$ का समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a}+\lambda\vec{b}$$

$$\vec{r} = (\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})+\lambda(3\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}).$$

जहाँ $\lambda$ एक वास्तविक संख्या है। उत्तर

**प्रश्न 5. बिन्दु जिसकी स्थिति सदिश $2\hat{i}-\hat{j}+4\hat{k}$ से गुजरने व सदिश $\hat{i}+2\hat{j}-\hat{k}$ की दिशा में जाने वाली रेखा का सदिश व कार्तीय रूपों में समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : माना $\vec{a} = 2\hat{i}-\hat{j}+4\hat{k}$

और $\vec{b} = \hat{i}+2\hat{j}-\hat{k}$

$\therefore$ अभीष्ट रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a}+\lambda\vec{b}$$

$$\vec{r} = (2\hat{i}-\hat{j}+4\hat{k})+\lambda(\hat{i}+2\hat{j}-\hat{k})$$

यही रेखा का सदिश समीकरण है। उत्तर

$\because$ रेखा पर स्थित किसी बिन्दु $P(x, y, z)$ की स्थिति $\vec{r}$ है।

$$\therefore \quad x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k} = (2\hat{i}-\hat{j}+4\hat{k})+\lambda(\hat{i}+2\hat{j}-\hat{k})$$

$$= (2+\lambda)\hat{i}+(-1+2\lambda)\hat{j}+(4-\lambda)\hat{k}$$

$\lambda$ का विलोपन करने पर,

$$\frac{x-2}{1} = \frac{y+1}{2} = \frac{z-4}{-1}$$

यही अभीष्ट रेखा का कार्तीय रूप है। उत्तर

Durga Tutorial
Baniapur

**प्रश्न 6. उस रेखा का कार्तीय समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिन्दु (–2, 4, –5) से जाती है और $\frac{x+3}{3}=\frac{y-4}{5}=\frac{z+8}{6}$ के समान्तर है।**

हल : वह रेखा जो बिन्दु $(x_1, y_1, z_1)$ से गुजरती है और उसके दिक्-अनुपात $a, b, c$ हों, तो उसका समीकरण

$$\frac{x-x_1}{a}=\frac{y-y_1}{b}=\frac{z-z_1}{c}$$

यहाँ पर रेखा (–2, 4, –5) से गुजरती है तथा $\frac{x+3}{3}=\frac{y-4}{5}=\frac{z+8}{6}$ के समान्तर है। अत: रेखा के दिक्-अनुपात = 3, 5, 6

अत: अभीष्ट रेखा का कार्तीय समीकरण

$$\frac{x-(-2)}{3}=\frac{y-4}{5}=\frac{z-(-5)}{6}$$

या $$\frac{x+2}{3}=\frac{y-4}{5}=\frac{z+5}{6}.$$ उत्तर

**प्रश्न 7. एक रेखा का कार्तीय समीकरण $\frac{x-5}{3}=\frac{y+4}{7}=\frac{z-6}{2}$ है। इसका सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है : रेखा का सदिश समीकरण : $\frac{x-5}{3}=\frac{y+4}{7}=\frac{z-6}{2}$

जो बिन्दु (5, – 4, 6) में होकर जाती है।

अर्थात् $$\vec{a} = 5\hat{i}-4\hat{j}+6\hat{k}$$

दी हुई रेखा के दिक्-अनुपात 3, 7, 2 हैं।

$$\vec{b} = 3\hat{i}+7\hat{j}+2\hat{k}$$

∴ अभीष्ट रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a}+\lambda\vec{b}$$

या $$\vec{r} = 5\hat{i}-4\hat{j}+6\hat{k}+\lambda(3\hat{i}+7\hat{j}+2\hat{k}).$$ उत्तर

**प्रश्न 8. मूल बिन्दु और (5, –2, 3) से जाने वाली रेखा का सदिश तथा कार्तीय रूपों में समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : रेखा मूल बिन्दु (0, 0, 0) व (5, –2, 3) से गुजरती है

∴ $$\vec{a} = 0\hat{i}+0\hat{j}+0\hat{k} = \vec{0}$$

रेखा के दिक्-अनुपात = $x_2-x_1, y_2-y_1, z_2-z_1$

या 5 – 0, – 2 – 0, 3 – 0 या 5, – 2, 3 हैं।

रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{a} = \vec{0}, \vec{b} = 5\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k}$$

अभीष्ट रेखा का सदिश समीकरण

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

$$\vec{r} = \vec{a}+\lambda\vec{b}$$

$$\vec{r} = \vec{0}+\lambda(5\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k})$$

$$\vec{r} = \lambda(5\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k}).$$ उत्तर

रेखा बिन्दु O(0, 0, 0) से गुजरती है तथा इसके दिक्-अनुपात 5, – 2, 3 हैं। अत: रेखा का कार्तीय समीकरण

$$\frac{x-x_1}{a} = \frac{y-y_1}{b} = \frac{z-z_1}{c}$$

या $$\frac{x-0}{5} = \frac{y-0}{-2} = \frac{z-0}{3}$$

या $$\frac{x}{5} = \frac{y}{-2} = \frac{z}{3}.$$ उत्तर

**प्रश्न 9. बिन्दुओं (3, – 2, – 5) और (3, – 2, – 6) से गुजरने वाली रेखा का सदिश तथा कार्तीय रूपों में समीकरण को ज्ञात कीजिए।**

हल : माना रेखा बिन्दु $A(3, -2, -5)$ और $B(3, -2, -6)$ से गुजरती है

∴ $$\vec{a} = 3\hat{i}-2\hat{j}-5\hat{k}$$

$AB$ के दिक्-अनुपात $= x_2-x_1, y_2-y_1, z_2-z_1$

या 3 – 3, – 2 + 2, 6 + 5 या 0, 0, 11 हैं।

∴ $$\vec{b} = 0.\hat{i}-0.\hat{j}+11\hat{k} = 11\hat{k}$$

$AB$ का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a}+\lambda\vec{b}$$

$$= 3\hat{i}-2\hat{j}-5\hat{k}+\lambda(11\hat{k}).$$ उत्तर

∵ रेखा बिन्दु A(3, – 2, – 5) तथा (3, – 2, 6) से गुजरती है

∴ इसके दिक्-अनुपात = 0, 0, 11

अत: रेखा AB का कार्तीय समीकरण

$$\frac{x-3}{0} = \frac{y+2}{0} = \frac{z+5}{11}.$$ उत्तर

**प्रश्न 10. निम्नलिखित रेखा युग्मों के बीच का कोण ज्ञात कीजिए :**

**(i)** $$\vec{r} = 2\hat{i}-5\hat{j}+\hat{k}+\lambda(3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k})$$

**और** $$\vec{r} = 7\hat{i}-6\hat{k}+\mu(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k})$$

**(ii)** $$\vec{r} = 3\hat{i}+\hat{j}-2\hat{k}+\lambda(\hat{i}-\hat{j}-2\hat{k})$$

**और** $$\vec{r} = 2\hat{i}-\hat{j}-56\hat{k}+\mu(3\hat{i}-5\hat{j}-4\hat{k})$$

हल : (i) पहली रेखा $$\vec{r} = 2\hat{i}-5\hat{j}+\hat{k}+\lambda(3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k})$$

दूसरी रेखा $$\vec{r} = 7\hat{i}-6\hat{k}+\mu(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k})$$

Durga Tutorial Since 1996 Bahlapur

मान लीजिए $\vec{b_1} = 3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k}$

तथा $\vec{b_2} = \hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}$

जब दोनों रेखाओं के बीच कोण θ हो, तब

$$\cos\theta = \left|\frac{\vec{b_1}.\vec{b_2}}{|\vec{b_1}||\vec{b_2}|}\right|$$

$$= \left|\frac{(3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k}).(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k})}{|3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k}||\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}|}\right|$$

$$= \left|\frac{3.1+2.2+6.2}{\sqrt{3^2+2^2+6^2}\sqrt{1^2+2^2+2^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{3+4+12}{\sqrt{9+4+36}\sqrt{1+4+4}}\right| = \left|\frac{19}{\sqrt{49}\sqrt{9}}\right|$$

$$= \left|\frac{19}{7\times 3}\right| = \frac{19}{21}$$

अतः $\theta = \cos^{-1}\left(\frac{19}{21}\right)$. उत्तर

(ii) पहली रेखा $\vec{r} = 3\hat{i}+6\hat{j}-2\hat{k}+\lambda(\hat{i}-\hat{j}-2\hat{k})$

दूसरी रेखा $\vec{r} = 2\hat{i}-\hat{j}-56\hat{k}+\mu(3\hat{i}-5\hat{j}-4\hat{k})$

माना $\vec{b_1} = \hat{i}-\hat{j}-2\hat{k}$

तथा $\vec{b_2} = 3\hat{i}-5\hat{j}-4\hat{k}$

जब दोनों रेखाओं के बीच का कोण θ है अतः

$$\cos\theta = \left|\frac{\vec{b_1}.\vec{b_2}}{|\vec{b_1}||\vec{b_2}|}\right|$$

$$= \left|\frac{(\hat{i}-\hat{j}-2\hat{k}).(3\hat{i}-5\hat{j}-4\hat{k})}{|\hat{i}-\hat{j}-2\hat{k}||3\hat{i}-5\hat{j}-4\hat{k}|}\right|$$

$$= \left|\frac{1.3+(-1)(-5)+(-2)(-4)}{\sqrt{(1)^2+(-1)^2+(-2)^2}.\sqrt{(3)^2+(-5)^2+(-4)^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{3+5+8}{\sqrt{1+1+4}\sqrt{9+25+16}}\right| = \left|\frac{16}{\sqrt{6}\sqrt{50}}\right|$$

Durga Tutorial Banlapur 1996

$$= \left|\frac{16}{\sqrt{2}\sqrt{3}\sqrt{2}\sqrt{25}}\right| = \left|\frac{16}{10\sqrt{3}}\right| = \frac{8}{5\sqrt{3}}$$

अत: $\theta = \cos^{-1}\left(\frac{8}{5\sqrt{3}}\right)$. उत्तर

**प्रश्न 11. निम्नलिखित रेखा युग्मों के बीच का कोण ज्ञात कीजिए :**

**(i)** $\frac{x-2}{2} = \frac{y-1}{5} = \frac{z+3}{-3}$ और $\frac{x+2}{-1} = \frac{y-4}{8} = \frac{z-5}{4}$

**(ii)** $\frac{x}{2} = \frac{y}{2} = \frac{z}{1}$ और $\frac{x-5}{4} = \frac{y-2}{1} = \frac{z-3}{8}$

**हल :** (i) दी गयी पहली रेखा $\frac{x-2}{2} = \frac{y-1}{5} = \frac{z+3}{-3}$ के लिए दिक्-अनुपात = 2, 5, 3

तथा दूसरी रेखा $\frac{x+2}{-1} = \frac{y-4}{8} = \frac{z-5}{4}$ के दिक्-अनुपात = –1, 8, 4

माना θ दी गयी रेखाओं के मध्य का कोण हो, तब

$$\cos\theta = \left|\frac{a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2 + c_1^2}\sqrt{a_2^2 + b_2^2 + c_2^2}}\right|$$

अर्थात् मान लीजिए $a_1 = 2, b_1 = 5, c_1 = -3$ तथा $a_2 = -1, b_2 = 8, c_2 = 4$

$$\therefore \quad \cos\theta = \left(\frac{2\times(-1) + (5\times 8) + (-3)\times 4}{\sqrt{2^2 + 5^2 + (-3)^2}\sqrt{(-1)^2 + 8^2 + 4^2}}\right)$$

$$= \left|\frac{-2 + 40 - 12}{\sqrt{4 + 25 + 9}\sqrt{1 + 64 + 16}}\right|$$

$$= \left|\frac{-26}{\sqrt{38}\sqrt{81}}\right|$$

$$\cos\theta = \frac{26}{9\sqrt{38}}$$

$$\therefore \quad \theta = \cos^{-1}\left(\frac{26}{9\sqrt{38}}\right).$$ उत्तर

(ii) पहली रेखा $\frac{x}{2} = \frac{y}{2} = \frac{z}{1}$ के दिक्-अनुपात = 2, 2, 1

तथा दूसरी रेखा $\frac{x-5}{4}, \frac{y-2}{1}, \frac{z-3}{8}$ के दिक्-अनुपात = 4, 1, 8

मान लीजिए $a_1 = 2, b_1 = 2, c_1 = 1$ तथा $a_2 = 4, b_2 = 1, c_2 = 8$

तथा माना दी हुई रेखाओं के बीच कोण θ हो, तो

$$\cos\theta = \left|\frac{a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2 + c_1^2}\sqrt{a_2^2 + b_2^2 + c_2^2}}\right|$$

$$= \left| \frac{2\times 4+2\times 1+1\times 8}{\sqrt{2^2+2^2+1^2}\sqrt{4^2+1^2+8^2}} \right|$$

$$= \left| \frac{8+2+8}{\sqrt{9}\sqrt{81}} \right| = \frac{18}{3\times 9} = \frac{2}{3}$$

$\therefore$ $$\theta = \cos^{-1}\left(\frac{2}{3}\right).$$ उत्तर

**i zu 12. $p$ का मान ज्ञात कीजिए ताकि रेखाएँ $\frac{1-x}{3} = \frac{7y-14}{2p} = \frac{z-3}{2}$**

**और $\frac{7-7x}{3p} = \frac{y-5}{1} = \frac{6-z}{5}$ परस्पर लम्ब हों।**

हल : दी हुई रेखाओं को मानक रूप में रखने पर

$$\frac{x-1}{-3} = \frac{y-2}{\frac{2p}{7}} = \frac{z-3}{2} \text{ और } \frac{x-1}{-\frac{3p}{7}} = \frac{y-5}{1} = \frac{z-6}{-5}$$

अब पहली रेखा के दिक्-अनुपात $= -3, \frac{2p}{7}, 2$

तथा दूसरी रेखा के दिक्-अनुपात $= \frac{-3p}{7}, 1, -5$

अर्थात् मान लीजिए $a_1 = -3, b_1 = \frac{2p}{7}$ $c_1 = 2$ तथा $a_2 = -\frac{3p}{7}, b_2 = 1, c_2 = -5$

चूँकि रेखाएँ परस्पर लम्ब होंगी यदि

$$a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$$

$$(-3)\left(\frac{-3p}{7}\right) + \left(\frac{2p}{7}\right)\times 1 + 2\times(-5) = 0$$

या $$\frac{9p}{7} + \frac{2p}{7} - 10 = 0$$

या $$\frac{11p}{7} - 10 = 0$$

या $$p = 10 \times \frac{7}{11} = \frac{70}{11}.$$ उत्तर

**प्रश्न 13. दिखाइए कि रेखाएँ $\frac{x-5}{7} = \frac{y+2}{-5} = \frac{z}{1}$ और $\frac{x}{1} = \frac{y}{2} = \frac{z}{3}$ परस्पर लम्ब हैं।**

हल : दी गयी पहली रेखा $\frac{x-5}{7} = \frac{y+2}{-5} = \frac{z}{1}$ के दिक्-अनुपात $= 7, -5, 1$

तथा दी गयी दूसरी रेखा $\frac{x}{1} = \frac{y}{2} = \frac{z}{3}$ के दिक्-अनुपात $= 1, 2, 3$

अब मान लीजिए $a_1 = 7, b_1 = -5, c_1 = 1$ तथा $a_2 = 1, b_2 = 2, c_2 = 3$

दोनों रेखाओं के परस्पर लम्ब होने के लिए, $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

बायाँ पक्ष : $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2$

$$= 7 \times 1 + (-5) \times 2 + 1 \times 3$$
$$= 7 - 10 + 3 = 0 = \text{दायाँ पक्ष}$$

अत: दी हुई दोनों रेखाएँ परस्पर लम्ब हैं। इति सिद्धम्।

i zu 14. रेखाओं $\vec{r} = (\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}) + \lambda(\hat{i} - \hat{j} + \hat{k})$ और $\vec{r} = (2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k}) + \mu(2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$ के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।

हल : दिया है : $\vec{r} = (\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}) + \lambda(\hat{i} - \hat{j} + \hat{k})$

इसकी तुलना $\vec{r} = a_1 + \lambda\vec{b}_1$ से करने पर,

$$\vec{a_1} = \hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k} \text{ तथा } \vec{b_1} = \hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$$

तथा $\vec{r} = 2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k} + \mu(2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$

इसकी तुलना $\vec{r} = a_2 + \lambda b_2$ से करने पर,

$$\vec{a_2} = 2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k} \text{ तथा } \vec{b_2} = 2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}$$

$\therefore$
$$\vec{a_2} - \vec{a_1} = (2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k}) - (\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k})$$
$$= \hat{i} - 3\hat{j} - 2\hat{k}$$

तथा
$$\vec{b_1} \times \vec{b_2} = (\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}) \times (2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}) = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & -1 & 1 \\ 2 & 1 & 2 \end{vmatrix}$$
$$= (-2-1)\hat{i} - (2-2)\hat{j} + (1+2)\hat{k} = -3\hat{i} + 3\hat{k}$$

अत:
$$|\vec{b_1} \times \vec{b_2}| = \sqrt{-3^2 + 3^2} = \sqrt{9+9} = \sqrt{18} = 3\sqrt{2}$$

रेखाओं $\vec{r} = \vec{a_1} + \lambda\vec{b_1}$ और $\vec{r} = \vec{a_2} + \lambda\vec{b_2}$ की बीच न्यूनतम दूरी, $d$

$$= \left| \frac{(\vec{a_2} - \vec{a_1}).(\vec{b_1} \times \vec{b_2})}{|(\vec{b_1} \times \vec{b_2})|} \right|$$
$$= \left| \frac{(\hat{i} - 3\hat{j} - 2\hat{k}).(-3\hat{i} + 3\hat{k})}{3\sqrt{2}} \right|$$
$$= \left| \frac{1 \times (-3) + (-3) \times 0 + (-2) \times 3}{3\sqrt{2}} \right|$$
$$= \left| \frac{-3 - 0 - 6}{3\sqrt{2}} \right| = \left| \frac{-9}{3\sqrt{2}} \right| = \frac{3\sqrt{2}}{2}.$$

उत्तर

प्रश्न 15. रेखाओं $\frac{x+1}{7} = \frac{y+1}{-6} = \frac{z+1}{1}$ और $\frac{x-3}{1} = \frac{y-5}{-2} = \frac{z-7}{1}$ के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

हल : दी गयी रेखाएँ हैं :

$$\frac{x+1}{7}=\frac{y+1}{-6}=\frac{z+1}{1}$$

और
$$\frac{x-3}{1}=\frac{y-5}{-2}=\frac{z-7}{1}$$

उपरोक्त रेखाओं की तुलना $\frac{x-x_1}{a_1}=\frac{y-y_1}{b_1}=\frac{z-z_1}{c_1}$

और
$$\frac{x-x_2}{a_2}=\frac{y-y_2}{b_2}=\frac{z-z_2}{c_2}$$ से करने पर,

$x_1=-1, y_1=-1, z_1=-1$ तथा $x_2=3, y_2=5, z_2=7$

और $a_1=7, b_1=-6, c_1=1$ तथा $a_2=1, b_2=-2, c_2=1$

$$\therefore \begin{vmatrix} x_2-x_1 & y_2-y_1 & z_2-z_1 \\ a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 3+1 & 5+1 & 7+1 \\ 7 & -6 & 1 \\ 1 & -2 & 1 \end{vmatrix}$$

$$= \begin{vmatrix} 4 & 6 & 8 \\ 7 & -6 & 1 \\ 1 & -2 & 1 \end{vmatrix}$$

$$= 4(-6+2)-6(7-1)+8(-14+6)$$

$$= -16-36-64 = -52-64 = -116$$

तथा $\sqrt{(b_1c_2-b_2c_1)^2+(c_1a_2-c_2a_1)^2+(a_1b_2-a_2b_1)^2}$

$$= \sqrt{(-6+2)^2+(1+7)^2+(-14+6)^2}$$

$$= \sqrt{16+36+64} = \sqrt{116} = 2\sqrt{29}$$

दो रेखाओं के बीच की दूरी,
$$d = \frac{\begin{vmatrix} x_2-x_1 & y_2-y_1 & z_2-z_1 \\ a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \end{vmatrix}}{\sqrt{(b_1c_2-b_2c_1)^2+(c_1a_2-c_2a_1)^2+(a_1b_2-a_2b_1)^2}}$$

$$= \left|\frac{-116}{\sqrt{116}}\right| = \sqrt{116} = 2\sqrt{29}.$$

उत्तर

**प्रश्न 16. रेखाएँ जिनके सदिश समीकरण निम्नलिखित हैं, के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए :**

$$\vec{r} = (\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})+\lambda(\hat{i}-3\hat{j}+2\hat{k})$$

और
$$\vec{r} = (4\hat{i}+5\hat{j}+6\hat{k})+\mu(2\hat{i}+3\hat{j}+\hat{k})$$

हल : दी गयी रेखाएँ हैं :

$$\vec{r} = (\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})+\lambda(\hat{i}-3\hat{j}+2\hat{k})$$

और
$$\vec{r} = (4\hat{i}+5\hat{j}+6\hat{k})+\mu(2\hat{i}+3\hat{j}+\hat{k})$$

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

इनकी तुलना $\vec{r} = \vec{a_1} + \lambda \vec{b_1}$ और $\vec{r} = \vec{a_2} + \mu \vec{b_2}$ से करने पर,

$$\vec{a_1} = \hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}, \vec{b_1} = \hat{i} - 3\hat{j} + 2\hat{k}$$

$$\vec{a_2} = 4\hat{i} + 5\hat{j} + 6\hat{k}, \ \vec{b_2} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + \hat{k}$$

$$\vec{a_2} - \vec{a_1} = (4\hat{i} + 5\hat{j} + 6\hat{k}) - (\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k})$$

$$= 3\hat{i} + 3\hat{j} + 3\hat{k}$$

तथा $$\vec{b_1} \times \vec{b_2} = (\hat{i} - 3\hat{j} + 2\hat{k}) \times (2\hat{i} + 3\hat{j} + \hat{k})$$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & -3 & 2 \\ 2 & 3 & 1 \end{vmatrix}$$

$$= (-3-6)\hat{i} - (1-4)\hat{j} + (3+6)\hat{k}$$

$$= -9\hat{i} + 3\hat{j} + 9\hat{k}$$

$\therefore$ $$|\vec{b_1} \times \vec{b_2}| = \sqrt{(-9)^2 + 3^2 + 9^2} = \sqrt{81+9+81}$$

$$= \sqrt{171} = 3\sqrt{19}$$

रेखा $\vec{r} = \vec{a_1} + \lambda \vec{b_1}$ और $\vec{r} = \vec{a_2} + \mu \vec{b_2}$ के बीच न्यूनतम दूरी

$$d = \left| \frac{(a_2 - a_1).(\vec{b_1} \times \vec{b_2})}{|\vec{b_1} \times \vec{b_2}|} \right|$$

$$= \left| \frac{(3\hat{i} + 3\hat{j} + 3\hat{k}).(-9\hat{i} + 3\hat{j} + 9\hat{k})}{3\sqrt{19}} \right|$$

$$= \left| \frac{3.(-9) + 3 \times 3 + 3 \times 9}{3\sqrt{19}} \right| = \left| \frac{-27+9+27}{3\sqrt{19}} \right|$$

$$= \frac{9}{3\sqrt{19}} = \frac{3}{\sqrt{19}}.$$ उत्तर

**प्रश्न 17. रेखाएँ जिनकी सदिश समीकरण निम्नलिखित हैं, के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए :**

$$\vec{r} = (1-t)\hat{i} + (t-2)\hat{j} + (3-2t)\hat{k}$$

और $$\vec{r} = (s+1)\hat{i} + (2s-1)\hat{j} - (2s+1)\hat{k}$$

हल : दी गयी पहली रेखा का समीकरण

$$\vec{r} = (1-t)\hat{i} + (t-2)\hat{j} + (3-2t)\hat{k}$$

$$= \hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k} + t(-\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k})$$

इसकी तुलना $\vec{r} = \vec{a_1} + \lambda \vec{b_1}$ से करने पर

$$\vec{a_1} = \hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k} \text{ तथा } \vec{b_1} = -\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k}$$

Durga Tutorial
Since 1996
Baniapur

और $$\vec{r} = (s+1)\hat{i} + (2s-1)\hat{j} - (2s+1)\hat{k}$$
$$= \hat{i} - \hat{j} - \hat{k} + s(\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

इसकी तुलना $\vec{r} = \vec{a_2} + \mu\vec{b_2}$ से करने पर

$$\vec{a_2} = \hat{i} - \hat{j} - \hat{k}, \quad \vec{b_2} = \hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k}$$

अब $$\vec{a_2} - \vec{a_1} = (\hat{i} - \hat{j} - \hat{k}) - (\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k}) = \hat{j} - 4\hat{k}$$

तथा $$\vec{b_1} \times \vec{b_2} = (-\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k}) \times (\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ -1 & 1 & -2 \\ 1 & 2 & -2 \end{vmatrix}$$

$$= (-2+4)\hat{i} - (2+2)\hat{j} + (-2-1)\hat{k}$$

$$= 2\hat{i} - 4\hat{j} - 3\hat{k}$$

∴ $$|\vec{b_1} \times \vec{b_2}| = \sqrt{4 + (-4)^2 + (-3)^2}$$
$$= \sqrt{4+16+9} = \sqrt{29}$$

दो रेखाओं के बीच की दूरी

$$d = \left| \frac{(\vec{a_2} - \vec{a_1}).(\vec{b_2} \times \vec{b_1})}{|\vec{b_1} \times \vec{b_2}|} \right|$$

$$= \left| \frac{(\hat{j} - 4\hat{k}).(2\hat{i} - 4\hat{j} - 3\hat{k})}{\sqrt{29}} \right|$$

$$= \left| \frac{0 \times 2 + 1 \times -4 + (-4)(-3)}{\sqrt{29}} \right|$$

$$= \left| \frac{-4+12}{\sqrt{29}} \right| = \frac{8}{\sqrt{29}}.$$ उत्तर

## प्रश्नावली 11.3

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में समतल के अभिलम्ब की दिक्-कोसाइन और मूल बिन्दु से दूरी ज्ञात कीजिए :**

**(a) $z = 2$,** **(b) $x + y + z = 1$**
**(c) $2x + 3y - z = 5$** **(d) $5y + 8 = 0$**

हल : (a) चूँकि समतल $z = 2$ का अभिलम्ब $z$-अक्ष है इसलिए इसके दिक्-अनुपात 0, 0, 1 हैं।
अत: इसके दिक्-कोसाइन cos 90°, cos 90°, cos 0° हैं अर्थात् 0, 0, 1 हैं।
यहाँ $x = 0$ तथा $y = 0$ हैं।
स्पष्टतया $z = 2$ की मूल बिन्दु से दूरी = 2. उत्तर

(b) समतल $x + y + z = 1$ के अभिलम्ब के दिक्-अनुपात 1, 1, 1 हैं।

Durga Tutorial Baniapur

∴ समतल के अभिलम्ब की दिक्-कोसाइन

$$\frac{1}{\sqrt{1^2+1^2+1^2}}, \frac{1}{\sqrt{1^2+1^2+1^2}}, \frac{1}{\sqrt{1^2+1^2+1^2}}$$

या $\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$ उत्तर

दिया गया समतल का समीकरण $x + y - z = 1$

$\frac{1}{\sqrt{3}}$ से गुणा करने पर

$$\frac{1}{\sqrt{3}}x + \frac{1}{\sqrt{3}}y + \frac{1}{\sqrt{3}}z = \frac{1}{\sqrt{3}}$$

और यह $lx + my + nz = d$ के रूप में हैं, जब मूल बिन्दु से समतल का दूरी $d$ है।

अत: मूल बिन्दु से समतल की दूरी $d = \frac{1}{\sqrt{3}}$. उत्तर

**(c)** दिया गया समतल का समीकरण $2x + 3y - z = 5$

समतल के अभिलम्ब के दिक्-अनुपात 2, 3, –1 हैं।

$$\because \quad \sqrt{2^2+(3)^2+(-1)^2} = \sqrt{4+9+1} = \sqrt{14}$$

∴ समतल के अभिलम्ब के दिक्-कोसाइन $\frac{2}{\sqrt{14}}, \frac{3}{\sqrt{14}}, \frac{-1}{\sqrt{14}}$. उत्तर

पुन: $2x + 3y - z = 5$

दोनों पक्षों में $\frac{1}{\sqrt{14}}$ से गुणा करने पर

$$\frac{2}{\sqrt{14}}x + \frac{3}{\sqrt{14}}y - \frac{1}{\sqrt{14}}z = \frac{5}{\sqrt{14}}$$

अत: मूल बिन्दु से समतल की दूरी, $d = \frac{5}{\sqrt{14}}$. उत्तर

**(d)** समतल का समीकरण,

$$5y + 8 = 0$$

या $0.x + 5y + 0.z = -8$

इसके अभिलम्ब के दिक् अनुपात = 0, 5, 0 या 0, 1, 0

∴ इसके दिक् कोसाइन = cos 90°, cos 0, cos 90° = 0, 1, 0. उत्तर

∵ $0x + 5y + 0z = -8$

या $0 . x + y + 0 . z = -\frac{8}{5}$

अर्थात् $\vec{r} . \vec{j} = -\frac{8}{5}$

या $\vec{r}(-\hat{j}) = \frac{8}{5}$ [यहाँ $\hat{n} = -\vec{j}$ ]

अत: मूल बिन्दु से समतल की दूरी = $\left|\frac{-8}{5}\right| = \frac{8}{5}$. उत्तर

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

**प्रश्न 2. उस समतल का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो मूल बिन्दु से 7 मात्रक दूरी पर है और सदिश $3\hat{i}+5\hat{j}-6\hat{k}$ पर अभिलम्ब हैं।**

हल : सदिश $3\hat{i}+5\hat{j}-6\hat{k}$ के अनुदिश मात्रक सदिश

$$= \frac{3\hat{i}+5\hat{j}-6\hat{k}}{\sqrt{3^2+5^2+(-6)^2}} = \frac{3\hat{i}+5\hat{j}-6\hat{k}}{\sqrt{9+25+36}}$$

$$= \frac{3\hat{i}+5\hat{j}-6\hat{k}}{\sqrt{70}}$$

∴ समतल का सदिश समीकरण

$$\vec{r}\,.\,\vec{n} = d \text{ जबकि } d = 7 \text{ इकाई}$$

या $$\vec{r}\,.\left(\frac{3\hat{i}+5\hat{j}-6\hat{k}}{\sqrt{70}}\right) = 7.$$ उत्तर

**प्रश्न 3. निम्नलिखित समीकरणों का कार्तीय समीकरण ज्ञात कीजिए :**

**(a)** $\vec{r}\,.(\hat{i}+\hat{j}-\hat{k}) = 2$

**(b)** $\vec{r}\,.(2\hat{i}+3\hat{j}-4\hat{k}) = 1$

**(c)** $\vec{r}\,.\left[(s-2t)\hat{i}+(3-t)\hat{j}+(2s+t)\hat{k}\right]$

हल : (a) दिया गया समीकरण $\vec{r}\,.(\hat{i}+\hat{j}-\hat{k}) = 2$

इसमें $\vec{r} = x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k}$ रखने पर

$$(x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k}).(\hat{i}+\hat{j}-\hat{k}) = 2$$

या $$x\,.\,1+y\,.\,1+z\,(-1) = 2$$

अत: समतल का कार्तीय समीकरण

$$x+y-z = 2.$$ उत्तर

(b) दिया गया समीकरण $\vec{r}\,.(2\hat{i}+3\hat{j}-4\hat{k}) = 1$

इसमें $\vec{r} = x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k}$ रखने पर

$$(x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k}).(2\hat{i}+3\hat{j}-4\hat{k}) = 1$$

या $$x\,.\,2+y\,.\,3+z\,.\,(-4) = 1$$

अत: समतल का कार्तीय समीकरण

$$2x+3y-4z = 1.$$ उत्तर

(c) दिया गया समीकरण $\vec{r}\,.\left[(s-2t)\hat{i}+(3-t)\hat{j}+(2s+t)\hat{k}\right] = 15$

इसमें $\vec{r} = x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k}$ रखने पर

$$(x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k})\,.\left[(s-2t)\hat{i}+(3-t)\hat{j}+(2s+t)\hat{k}\right] = 15$$

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

या $$x \cdot (s-2t) + y(3-t) + z(2s+t) = 15$$

अत: समतल का कार्तीय समीकरण

$$(s-2t)\,x + (3-t)y + (2s+t) = 15.$$ उत्तर

**प्रश्न 4. निम्नलिखित स्थितियों में मूल बिन्दु से खींचे गए लम्ब के पाद के निर्देशांक ज्ञात कीजिए :**

**(a) $2x + 3y + 4z - 12 = 0$**

**(b) $3y + 4z - 6 = 0$**

**(c) $x + y + z = 1$**

**(d) $5y + 8 = 0$**

हल : **(a)** दिया गया समीकरण $2x + 3y + 4z - 12 = 0$

दोनों पक्षों में $\sqrt{2^2+3^2+4^2} = \sqrt{4+9+16} = \sqrt{29}$ से भाग करने पर

$$\frac{2}{\sqrt{29}}x + \frac{3}{\sqrt{29}}y + \frac{4}{\sqrt{29}}z = \frac{12}{\sqrt{29}}$$

यही समतल का अभिलम्ब रूप है।

अभिलम्ब के दिक्-कोसाइन, $l = \frac{2}{\sqrt{29}}, m = \frac{3}{\sqrt{29}}$ तथा $n = \frac{4}{\sqrt{29}}$

समतल की मूल बिन्दु से दूरी, $d = \frac{12}{\sqrt{29}}$

$\therefore$ मूल बिन्दु से समतल पर लम्ब के पाद के निर्देशांक

$$x = ld = \frac{12}{\sqrt{29}} \times \frac{2}{\sqrt{29}} = \frac{24}{29}$$

$$y = md = \frac{12}{\sqrt{29}} \times \frac{3}{\sqrt{29}} = \frac{36}{29}$$

$$z = nd = \frac{12}{\sqrt{29}} \times \frac{4}{\sqrt{29}} = \frac{48}{29}$$

अत: लम्ब के पाद के निर्देशांक $= \left(\frac{24}{29}, \frac{36}{29}, \frac{48}{29}\right)$. उत्तर

**(b)** समतल का समीकरण $3y + 4z - 6 = 0$

दोनों पक्षों में $\sqrt{3^2+4^2} = \sqrt{9+16} = 5$ से भाग करने पर

$$\frac{3}{5}y + \frac{4}{5}z = \frac{6}{5}$$

$\therefore$ समतल के लम्ब के दिक्-कोसाइन, $l = 0, m = \frac{3}{5}$ तथा $n = \frac{4}{5}$

और समतल की मूल बिन्दू से दूरी, $d = \frac{6}{5}$

$\therefore$ मूल बिन्दु से समतल पर लम्ब के पाद के निर्देशांक

$$x = ld = \frac{6}{5} \times 0 = 0$$

$$y = md = \frac{6}{5} \times \frac{3}{5} = \frac{18}{25}$$

$$z = nd = \frac{6}{5} \times \frac{4}{5} = \frac{24}{25}$$

अत: समतल पर मूल बिन्दु से लम्ब के पाद के निर्देशांक = $\left(0, \frac{18}{25}, \frac{24}{25}\right)$

उत्तर

(c) दिया गया समीकरण $x + y + z = 1$

दोनों पक्षों में $\sqrt{1^2 + 1^2 + 1^2} = \sqrt{3}$ से भाग करने पर

$$\frac{1}{\sqrt{3}}x + \frac{1}{\sqrt{3}}y + \frac{1}{\sqrt{3}}z = \frac{1}{\sqrt{3}}$$

मूल बिन्दु से समतल पर लम्ब के दिक्-कोसाइन, $l = \frac{1}{\sqrt{3}}, m = \frac{1}{\sqrt{3}}$ तथा $n = \frac{1}{\sqrt{3}}$

तथा मूल बिन्दु से दूरी, $d = \frac{1}{\sqrt{3}}$

∴ मूल बिन्दु से समतल पर लम्ब के पाद के निर्देशांक

$$x = ld = \frac{1}{\sqrt{3}} \times \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{1}{3}$$

$$y = md = \frac{1}{\sqrt{3}} \times \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{1}{3}$$

$$z = nd = \frac{1}{\sqrt{3}} \times \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{1}{3}$$

अत: लम्ब के पाद के निर्देशांक = $\left(\frac{1}{3}, \frac{1}{3}, \frac{1}{3}\right)$.

उत्तर

(d) दिया गया समीकरण $5y + 8 = 0$ या $y = -\frac{8}{5}$

∴ मूल बिन्दु से समतल के दिक्-कोसाइन, $l = 0, m = 1$ तथा $n = 0$

∴ मूल बिन्दु से दुरी, $d = -\frac{8}{5}$

∴ मूल बिन्दु से समतल पर लम्ब के पाद के निर्देशांक

$$x = ld = -\frac{8}{5} \times 0 = 0$$

$$y = md = -\frac{8}{5} \times 1 = -\frac{8}{5}$$

$$z = nd = -\frac{8}{5} \times 0 = 0$$

∴ समतल पर लम्ब के पाद के निर्देशांक $\left(0, \frac{8}{5}, 0\right)$.

उत्तर

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अन्तर्गत समतलों का सदिश एवं कार्तीय समीकरण ज्ञात कीजिए जो**

**(a) बिन्दु (1, 0, –2) से जाता हो और $\hat{i} + \hat{j} - \hat{k}$ समतल पर अभिलम्ब है।**

**(a) बिन्दु (1, 4, 6) से जाता हो और $\hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k}$ समतल पर अभिलम्ब सदिश है।**

Durga Tutorial Since 1996 Banjapur

**हल : (a) सदिश समीकरण**
सदिश रूप में समीकरण

$$(\vec{r}-\vec{a})\cdot\vec{n} = 0$$

यहाँ $\vec{a} = (1, 0, -2) = \hat{i} - 2\hat{k}$

तथा $\vec{n} = \hat{i} + \hat{j} - \hat{k}$

∴ समतल का समीकरण

$$[\vec{r}-(\hat{i}-2\hat{k})].(\hat{i}+\hat{j}-\hat{k}) = 0.$$ उत्तर

**कार्तीय समीकरण**

समतल का समीकरण जो $(x_1, y_1, z_1)$ से गुजरता है और लम्ब के दिक्-अनुपात $a, b, c$, हैं।

$$a(x-x_1)+b(y-y_1)+c(z-z_1)=0$$

यहाँ समतल बिन्दु (1, 0, – 2) से गुजरता है और लम्ब के दिक्-अनुपात (1, 1, –1) हैं।

अर्थात् $x_1 = 1, y_1 = 0, z_1 = -2$ और $a = 1, b = 1, c = -1$

∴ समतल का समीकरण

$$1.(x-1)+1.(y-0)+(-1)(z+2)=0$$

या $x-1+y-z-2=0$

या $x+y-z=3.$ उत्तर

**(b) सदिश समीकरण**

समतल बिन्दु (1, 4, 6) से होकर जाता है तथा लम्ब सदिश $\hat{i}-\hat{j}2+\hat{k}$ के अनुदिश है।

अर्थात् $\vec{a} = \hat{i} + 4\hat{j} + 6\hat{k}$ और $\vec{n} = \hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$

∴ समतल का समीकरण

$$(\vec{r}-\vec{a}).\vec{n} = 0$$

या $[\vec{r}-(\hat{i}+4\hat{j}+6\hat{k})].(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}) = 0.$ उत्तर

**कार्तीय समीकरण**

समतल बिन्दु (1, 4, 6) से होकर जाता है।

समतल पर लम्ब के दिक्-अनुपात 1, – 2, 1 हैं।

अर्थात् $x_1, = 1, y_1 = 4, z_1 = 6$ तथा $a = 1, b = -2, c = 1$

∴ समतल का समीकरण

$$a(x-x_1)+b(y-y_1)+c(z-z_1) = 0$$

$$1.(x-1)-2(y-4)+(z-6) = 0$$

या $x-2y+z-1+8-6 = 0$

या $x-2y+z+1 = 0.$ उत्तर

**प्रश्न 6. उन समतलों का समीकरण ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित तीन बिन्दुओं से गुजरता है :**
**(a) (1, 1, – 1), (6, 4, – 5), (– 4, – 2, 3)**
**(b) (1, 1, 0), (1, 2, 1), (– 2, 2, – 1)**

हल : (a) यदि $a, b, c$ समतल के लम्ब के दिक्-अनुपात हैं तो $(x_1, y_1, z_1,)$ से गुजरने वाले समतल का समीकरण

$$a(x-x_1)+b(y-y_1)+c(z-z_1) = 0$$

बिन्दु $A(1, 1, -1)$ से गुजरने वाले समतल का समीकरण

$$a(x-1)+b(y-1)+c(z+1)=0$$

बिन्दु $B(6, 4, -5)$ इस समीकरण पर स्थित हों, तब

$$a.(6-1)+b(4-1)+c(-5+1)=0$$

या $\qquad 5a+3b-4c=0 \qquad$ ....(i)

और बिन्दु $(-4, -2, 3)$ भी इसी समीकरण पर स्थित हो, तब

$\therefore \qquad a(-4-1)+b(-2-1)+c(3+1)=0$

या $\qquad -5a-3b+4c=0$

या $\qquad 5a+3b-4c=0 \qquad$ ....(ii)

यहाँ समीकरण (i) और (ii) एक ही समीकरण हैं।

अत: $a, b, c$ के अनन्त मूल हो सकते हैं जो इस समीकरण को सन्तुष्ट करते हैं।

इसीलिए दिए हुए बिन्दु सरेख हैं और एक रेखा से गुजरने वाले अनन्त समतल हो सकते हैं। **उत्तर**

**(b)** मान लीजिए बिन्दु $A(1, 1, 0)$, $B(1, 2, 1)$, $C(-2, 2, -1)$ हों, तब

बिन्दु $A$ से होकर जाने वाले समतल का समीकरण

$$a(x-1)+b(y-1)+c(z-0)=0 \qquad ....(i)$$

अब बिन्दु $B(1, 2, 1)$ को समीकरण (i) में रखने पर,

$$a(1-1)+b(2-1)+c(1-0)=0$$

या $\qquad 0.a+b+c=0 \qquad$ ....(ii)

और बिन्दु $C(-2, 2, -1)$ समीकरण (i) में रखने पर,

$$a(-2-1)+b(2-1)+c(-1)=0$$

या $\qquad -3a+b-c=0 \qquad$ ....(iii)

समीकरण (i), (ii), (iii) में से $a, b, c$ को लुप्त करने से, समतल का समीकरण

$$\begin{vmatrix} x-1 & y-1 & z \\ 0 & 1 & 1 \\ -3 & 1 & -1 \end{vmatrix}=0$$

या $\qquad (x-1)(-2)-3(y-1-z)=0$

या $\qquad -2x+2-3y+3+3z=0$

या $\qquad -2x-3y+3z+5=0$

या $\qquad 2x+3y-3z-5=0$

या $\qquad 2x+3y-3z=5.$ **उत्तर**

**प्रश्न 7. समतल $2x+y-z=5$ द्वारा काटे गए अन्त:खण्डों का ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया गया समतल का समीकरण

$$2x+y-z=5$$

5 से दोनों पक्षों में भाग देने पर $\qquad \frac{2}{5}x+\frac{y}{5}-\frac{z}{5}=1$

या $\qquad \frac{x}{\frac{5}{2}}+\frac{y}{5}+\frac{z}{-5}=1$

अर्थात् समतल द्वारा काटे गए अन्त:खण्ड $\frac{5}{2}, 5, -5$ हैं। **उत्तर**

Durga Tutorial
Baniapur

**प्रश्न 8. उस समतल का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसका $y$-अक्ष पर अन्त:खण्ड 3 और जो तल ZOX के समान्तर है।**

हल : समतल ZOX के समान्तर तल का समीरकण, $y = a$

यह तल $y$-अक्ष पर अन्त:खण्ड 3 बनाता है अर्थात् $a = 3$

अत: अभीष्ट समतल का समीकरण $y = 3$. उत्तर

**प्रश्न 9. उस समतल का समीकरण ज्ञात कीजिए जो समतलों $3x - y + 2z - 4 = 0$ और $x + y + z - 2 = 0$ के प्रतिच्छेदन तथा बिन्दु (2, 2, 1) से होकर जाता है।**

हल : दिए गए समतल $3x - y + 2z - 4 = 0$ और $x + y + z - 2 = 0$ के प्रतिच्छेदन से होकर जाने वाला समतल

$$3x - y + 2z - 4 + \lambda(x + y + z - 2) = 0 \quad \text{....(i)}$$

यह समीकरण बिन्दु (2, 2, 1) से होकर जाता है।

$\therefore\ 3 \times 2 - 2 + 2 \times 1 - 4 + \lambda(2 + 2 + 1 - 2) = 0$

या $6 - 2 + 2 - 4 + \lambda.\ 3 = 0$

या $2 + 3\lambda = 0$ या $\lambda = -\dfrac{2}{3}$

$\lambda$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$3x - y + 2z - 4 - \frac{2}{3}(x + y + z - 2) = 0$$

या $3(3x - y + 2z - 4) - 2(x + y + z - 2) = 0$

या $9x - 3y + 6z - 12 - (2x + 2y + 2z - 4) = 0$

या $7x - 5y + 4z - 8 = 0$

यही अभीष्ट समतल का समीकरण है। उत्तर

**प्रश्न 10. उस समतल का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो समतलों $\vec{r}.(2\hat{i} + 2\hat{j} - 3\hat{k}) = 7$, $\vec{r}.(2\hat{i} + 5\hat{j} + 3\hat{k}) = 9$ के प्रतिच्छेदन रेखा और (2, 1, 3) से होकर जाता है।**

हल : दिए गए समतलों $\vec{r}.(2\hat{i} + 2\hat{j} - 3\hat{k}) = 7$, $\vec{r}.(2\hat{i} + 5\hat{j} + 3\hat{k}) = 9$ के प्रतिच्छेदन रेखा से होकर गुजरने वाला समीकरण

$$\vec{r}.(2\hat{i} + 2\hat{j} - 3\hat{k}) - 7 + \lambda\vec{r}.(2\hat{i} + 5\hat{j} + 3\hat{k}) - 9 = 0 \quad \text{....(i)}$$

यह समीकरण बिन्दु (2, 1, 3) अर्थात् $2\hat{i} + \hat{j} + 3\hat{k}$ से होकर जाता है।

$\therefore\ (2\hat{i} + \hat{j} + 3\hat{k}).(2\hat{i} + 2\hat{j} - 3\hat{k}) - 7$

$+\lambda[(2\hat{i} + \hat{j} + 3\hat{k}).(2\hat{i} + 5\hat{j} + 3\hat{k}) - 9] = 0$

या $(4 + 2 - 9) - 7 + \lambda[(4 + 5 + 9) - 9] = 0$

$\therefore\ -10 + 9\lambda = 0$ या $\lambda = \dfrac{10}{9}$

$\lambda$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\vec{r}.(2\hat{i} + 2\hat{j} - 3\hat{k}) - 7 + \frac{10}{9}\{\vec{r}.(2\hat{i} + 5\hat{j} + 3\hat{k}) - 9\} = 0$$

या $9[\vec{r}.(2\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k})-7]+10[\vec{r}.(2\hat{i}+5\hat{j}+3\hat{k})-9] = 0$

$$\vec{r}.[9(2\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k})+10(2\hat{i}+5\hat{j}+3\hat{k})]-63-90 = 0$$

या $\vec{r}.[(18+20)\hat{i}+(18+50)\hat{j}+(-27+30)\hat{k}]-153 = 0$

अत: अभीष्ट समतल का समीकरण

$$\vec{r}.(38\hat{i}+68\hat{j}+3\hat{k})-153 = 0$$

या $\vec{r}.(38\hat{i}+68\hat{j}+3\hat{k}) = 153.$ उत्तर

**प्रश्न 11. तलों $x+y+z=1$ और $2x+3y+4z=5$ के प्रतिच्छेदन रेखा से होकर जाने वाले तथा तल $x-y+z=0$ पर लम्बवत् तल का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : दिए गए समतलों $x+y+z=1$ और $2x+3y+4z=5$ के प्रतिच्छेदन रेखा से होकर जाने वाले समतल का समीकरण

$$(x+y+z-1)+\lambda(2x+3y+4z-5)=0$$

या $(1+2\lambda)x+(1+3\lambda)y+(1+4\lambda)z-1-5\lambda=0$ ...(i)

यह तल $x-y+z=0$ के लम्बवत् है।

$\therefore$ $(1+2\lambda).1+(1+3\lambda).(-1)+(1+4\lambda).1=0$

$[\because a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2=0]$

या $1+2\lambda-1-3\lambda+1+4\lambda=0$

या $1+3\lambda=0$

$\therefore$ $\lambda=-\frac{1}{3}$

अत: अभीष्ट समतल का समीकरण $\lambda=-\frac{1}{3}$ समीकरण (i) में रखने पर,

$$\left(1-\frac{2}{3}\right)x+\left(1-\frac{3}{3}\right)y+\left(1-\frac{4}{3}\right)z-1+\frac{5}{3} = 0$$

या $\frac{1}{3}x+0.y-\frac{1}{3}z+\frac{2}{3} = 0$

या $x-z+2=0.$ उत्तर

**प्रश्न 12. समतलों जिनके सदिश समीकरण $\vec{r}.(2\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k})=5$ और $\vec{r}.(3\hat{i}-3\hat{j}+5\hat{k})=3$ हैं, के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।**

हल : दिए गए सदिश समीकरण हैं : $\vec{r}.(2\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k})=5$ और $\vec{r}.(3\hat{i}-3\hat{j}+5\hat{k})=3$

इनकी तुलना समतलों $\vec{r}.\vec{n_1}=d_1$ और $\vec{r}.\vec{n_2}=d_2$ से करने पर,

$$\vec{n_1} = 2\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k} \text{ तथा } \vec{n_2} = 3\hat{i}-3\hat{j}+5\hat{k}$$

अत: दोनों समतलों के मध्य कोण,

Durga Tutorial 1996 Baniapur

$$\cos\theta = \left|\frac{\vec{n}_1 . \vec{n}_2}{|\vec{n}_1||\vec{n}_2|}\right|$$

∴ $$\cos\theta = \left|\frac{(2\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k}).(3\hat{i}-3\hat{j}+5\hat{k})}{|2\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k}||3\hat{i}-3\hat{j}+5\hat{k}|}\right|$$

$$= \left|\frac{2.3+2(-3)+(-3).5}{\sqrt{4+4+9}.\sqrt{9+9+25}}\right|$$

$$= \left|\frac{6-6-15}{\sqrt{17}\sqrt{43}}\right| = \left|\frac{-15}{\sqrt{17}\sqrt{43}}\right|$$

∴ $$\theta = \cos^{-1}\left|\left(\frac{-15}{\sqrt{17}\sqrt{43}}\right)\right|$$

$$= \cos^{-1}\left|\frac{15}{\sqrt{731}}\right|.$$ उत्तर

**प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में ज्ञात कीजिए कि क्या दिए गए समतलों के युग्म समान्तर हैं अथवा लम्बवत् हैं और उस स्थिति में, जब ये न तो समान्तर हैं और न ही लम्बवत् तो उनके बीच का कोण ज्ञात कीजिए।**

**(a) $7x+5y+6z+30=0$ और $3x-y-10z+4=0$**

**(b) $2x+y+3z-2=0$ और $x-2y+5=0$**

**(c) $2x-2y+4z+5=0$ और $3x-3y+6z-1=0$**

**(d) $2x-y+3z-1=0$ और $2x-y+3z+3=0$**

**(e) $4x+8y+z-8=0$ और $y+z-4=0$**

हल : चूँकि समतलों के समीकरण $a_1x+b_1y+c_1z+d_1=0$

और $a_2x+b_2y+c_2z+d_2=0$

समान्तर होंगे यदि $$\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$$

तथा लम्बवत् होंगे यदि $a_1.a_2+b_1.b_2+c_1.c_2=0$

(a) दिए गए समतल

$7x+5y+6z+30=0$ तथा $3x-y-10z+4=0$ हैं

यहाँ $a_1=7, b_1=5, c_1=6$

तथा $a_2=3, b_2=-1, c_2=-10$

तब $$\frac{a_1}{a_2} = \frac{7}{3}, \frac{b_1}{b_2} = \frac{5}{-1} \text{ तथा } \frac{c_1}{c_2} = \frac{6}{-10}$$

∴ $$\frac{7}{3} \neq \frac{5}{-1} \neq \frac{6}{-10}$$

अत: यह समान्तर नहीं हैं।

अब $a_1 . a_2+b_1 . b_2+c_1 . c_2 = 7\times 3+5\times(-1)+6\times(-10)$

$= 21-5-60 \neq 0$

अत: ये समतल लम्बवत भी नहीं हैं।

अब दोनों समतलों के बीच कोण θ हो, तो

$$\cos\theta = \left|\frac{7\times3+5\times(-1)+6\times(-10)}{\sqrt{7^2+5^2+6^2}.\sqrt{3^2+(-1)^2+(-10)^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{21-5-60}{\sqrt{49+25+36}\sqrt{9+1+100}}\right|$$

$$= \left|\frac{-44}{\sqrt{110}\sqrt{110}}\right| = \left|\frac{-44}{110}\right| = \left|\frac{-2}{5}\right| = \frac{2}{5}$$

अत: $\cos\theta = \frac{2}{5}$ या $\theta = \cos^{-1}\left(\frac{2}{5}\right)$. **उत्तर**

**(b)** दिए गए समतल

$$2x + y + 3z - 2 = 0 \text{ तथा } x - 2y + 5 = 0$$

यहाँ $a_1 = 2, b_1 = 1, c_1 = 3$ तथा $a_2 = 1, b_2 = -2, c_2 = 0$

तब $\frac{a_1}{a_2} = \frac{2}{1}, \frac{b_1}{b_2} = \frac{1}{-2}$ तथा $\frac{c_1}{c_2} = \frac{3}{0}$

समतल समान्तर नहीं है क्योंकि $\frac{2}{1} \neq \frac{1}{-2} \neq \frac{3}{0}$

अब $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 2 \times 1 + 1 \times (-2) + 3 \times 0 = 2 - 2 = 0$

अत: दिए हुए समतल लम्बवत् हैं।

**(c)** दिए गए समतल

$$2x - 2y + 4z + 5 = 0 \text{ तथा } 3x - 3y + 6z - 1 = 0$$

यहाँ $a_1 = 2, b_1 = -2, c_1 = 4$ तथा $a_2 = 3, b_2 = -3, c_2 = 6$

अब $$\frac{a_1}{a_2} = \frac{2}{3}, \frac{b_1}{b_2} = \frac{-2}{-3} = \frac{2}{3} \text{ तथा } \frac{c_1}{c_2} = \frac{4}{6} = \frac{2}{3}$$

अत: दिए हुए समतल समान्तर हैं क्योंकि $\frac{2}{3} = \frac{-2}{-3} = \frac{4}{6}$. **उत्तर**

अब $$a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 2 \times 3 + (-2)(-3) + 4 \times 6$$
$$= 6 - 6 + 24 \neq 0$$

अत: दिए गए समतल लम्बवत् नहीं हैं।

**(d)** दिए गए समतल

$$2x - y + 3z - 1 = 0 \text{ तथा } 2x - y + 3z + 3 = 0$$

यहाँ $a_1 = 2, b_1 = -1, c_1 = 3$ तथा $a_2 = 2, b_2 = -1, c_2 = 3$

∴ $$\frac{a_1}{a_2} = \frac{2}{2}, \frac{b_1}{b_2} = \frac{-1}{-1} \text{ तथा } \frac{c_1}{c_2} = \frac{3}{3}$$

समान्तर हैं क्योंकि $\frac{2}{2} = \frac{-1}{-1} = \frac{3}{3}$. **उत्तर**

अब $\qquad a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 2 \times 2 + (-1)(-1) + (3 \times 3)$

$$= 4 + 1 + 9 = 14 \neq 0$$

अत: दिए गए समतल लम्बवत् नहीं हैं।

**(e)** दिए हुए समतल

$4x + 8y + z - 8 = 0$ और $y + z - 4 = 0$

यहाँ $a_1 = 4, b_1 = 8, c_1 = 1$ तथा $a_2 = 0, b_2 = 1, c_2 = 1$

$$\therefore \qquad \frac{a_1}{a_2} = \frac{4}{0}, \frac{b_1}{b_2} = \frac{8}{1} \text{ तथा } \frac{c_1}{c_2} = \frac{1}{1}$$

यह समतल समान्तर नहीं है क्योंकि $\frac{4}{0} \neq \frac{8}{1} \neq \frac{1}{1}$. उत्तर

तथा $\qquad a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 4 \times 0 + 8 \times 1 + 1 \times 1$

$$= 8 + 1 = 9 \neq 0$$

अत: दिए हुए समतल लम्बवत् हैं।

माना इनके बीच कोण θ हो, तो

$$\cos\theta = \left|\frac{a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2 + c_1^2}\sqrt{a_2^2 + b_2^2 + c_2^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{4 \times 0 + 8 \times 1 + 1 \times 1}{\sqrt{4^2 + 8^2 + 1^2}.\sqrt{1^2 + 1^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{8 + 1}{\sqrt{16 + 64 + 1}\sqrt{2}}\right| = \left|\frac{9}{\sqrt{81}\sqrt{2}}\right|$$

$$= \left|\frac{9}{9\sqrt{2}}\right| = \frac{1}{\sqrt{2}}$$

$$\therefore \qquad \theta = \frac{\pi}{4} = 45°.$$ उत्तर

**प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक दिए गए बिन्दु से दिए गए संगत समतलों की दूरी ज्ञात कीजिए :**

| | **बिन्दु** | **समतल** |
|---|---|---|
| **(a)** | **(0, 0, 0)** | $3x - 4y + 12z = 3$ |
| **(b)** | **(3, –2, 1)** | $2x - y + 2z + 3 = 0$ |
| **(c)** | **(2, 3, – 5)** | $x + 2y - 2z = 9$ |
| **(d)** | **(–6, 0, 0)** | $2x - 3y + 6z - 2 = 0$ |

**हल :** बिन्दु $(x_1, y_1, z_1)$ की समतल $ax + by + cz + d = 0$ से दूरी

$$= \left|\frac{ax_1 + by_1 + cz_1 + d}{\sqrt{a^2 + b^2 + c^2}}\right|$$

**(a)** बिन्दु (0, 0, 0) से समतल $3x - 4y + 12z - 3 = 0$ की दूरी

$$= \left|\frac{3 \times 0 - 4 \times 0 + 12 \times 0 - 3}{\sqrt{3^2 + (-4)^2 + 12^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{-3}{\sqrt{9+16+144}}\right| = \left|\frac{-3}{13}\right| = \frac{3}{13}$$ उत्तर

**(b)** बिन्दु (3, –2, 1) से समतल $2x - y + 2z + 3 = 0$ की दूरी

$$= \left|\frac{2\times3-(-2)+2\times1+3}{\sqrt{2^2+(-1)^2+2^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{6+2+2+3}{\sqrt{4+1+4}}\right| = \frac{13}{3}.$$ उत्तर

**(c)** बिन्दु (2, 3, –5) से समतल $x + 2y - 2z - 9 = 0$ की दूरी

$$= \left|\frac{2+2\times3-2\times(-5)-9}{\sqrt{1^2+2^2+(-2)^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{2+6+10-9}{\sqrt{1+4+4}}\right| = \left|\frac{9}{\sqrt{9}}\right| = \frac{9}{3} = 3.$$ उत्तर

**(d)** बिन्दु (– 6, 0, 0) से समतल $2x - 3y + 6z - 2 = 0$ की दूरी

$$= \left|\frac{2\times-6-3\times0+6\times0-2}{\sqrt{2^2+(-3)^2+(6)^2}}\right|$$

$$= \left|\frac{-12+0+0-2}{\sqrt{4+9+36}}\right|$$

$$= \left|\frac{-14}{\sqrt{49}}\right| = \frac{14}{7} = 2.$$ उत्तर

Durga Tutorial
Baniapur

## अध्याय 11 पर विविध प्रश्नावली

**प्रश्न 1. दिखाइए कि मूल बिन्दु से (2, 1, 1) को मिलाने वाली रेखा बिन्दुओं (3, 5, –1) और (4, 3, –1) से निर्धारित रेखा पर लम्ब है।**

हल : बिन्दु $A(2, 1, 1)$ और मूल बिन्दु $O(0, 0, 0)$ वाली रेखा $AO$ के दिक्-अनुपात = 2 – 0, 1 – 0, 1 – 0 या 2, 1, 1

तथा बिन्दु C(3, 5, –1) और $D(4, 3, -1)$ से निर्धारित रेखा के दिक्-अनुपात = 4 – 3, 3 – 5, – 1 + 1 या 1 – 2, 0

$AO$ और $CD$ लम्ब होंगी यदि $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$

अत: $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 2 \times 1 + 1 \times (-2) + 1 \times 0 = 2 - 2 = 0$

अत: $AO$ और $CD$ परस्पर लम्ब हैं। इति सिद्धम्।

**प्रश्न 2. यदि दो परस्पर रेखाओं की दिक्-कोसाइन $l_1, m_1, n_1$ और $l_2, m_2, n_2$ हों तो दिखाइए कि इन दोनों पर लम्ब रेखा की दिक्-कोसाइन $m_1n_2 - m_2n_1, n_1l_2 - n_2l_1, l_1m_2 - l_2m_1$ हैं।**

हल : माना दी गईं दो रेखाएँ $AB$ और $CD$ जिसके दिक्-कोसाइन क्रमशः $l_1, m_1, n_1$ और $l_2, m_2, n_2$ हों परस्पर लम्ब होती हैं। यदि

$$l_1l_2 + m_1m_2 + n_1n_2 = 0$$

$l_1, m_1, n_1$, और $l_2, m_2, n_2$ दिक्-कोसाइन हैं तो

$$l_1^2 + m_1^2 + n_1^2 = 1$$
$$l_2^2 + m_2^2 + n_2^2 = 1$$

मान लीजिए $PQ$ जो $AB$ और $CD$ दोनों पर लम्ब हैं और इसके दिक्-कोसाइन $l, m, n$ हैं।

तो
$$ll_1 + mm_1 + nn_1 = 0$$
$$ll_2 + mm_2 + nn_2 = 0$$

$$\therefore \quad \frac{l}{m_1n_2 - m_2n_1} = \frac{m}{n_1l_2 - n_2l_1} = \frac{n}{l_1m_2 - l_2m_1}$$

या
$$\frac{\sqrt{l^2+m^2+n^2}}{\sqrt{(m_1n_2-m_2n_1)^2+(n_1l_2-n_2l_1)^2+(l_1m_2-l_2m_1)^2}}$$

$$\frac{1}{\sqrt{(m_1n_2-m_2n_1)^2+(n_1l_2-n_2l_1)^2+(l_1m_2-l_2m_1)^2}} \quad \text{....(i)}$$

$[\because l^2 + m^2 + n^2 = 1]$

$$\because \quad (m_1n_2 - m_2n_1)^2 + (n_1l_2 - n_2l_1)^2 + (l_1m_2 - l_2m_1)^2$$
$$= (l_1^2 + m_1^2 + n_1^2)(l_2^2 + m_2^2 + n_2^2) - (l_1l_2 + m_1m_2 + n_1n_2)^2$$
$$= 1 \times 1 - 0 = 1$$

$[\because l^2 + m^2 + n^2 = 1, l_2^2 + m_2^2 + n_2^2 = 1$ और $l_1l_2 + m_1m_2 + n_1n_2 = 0]$

ये मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\frac{l}{m_1n_2 - m_2n_1} = \frac{m}{n_1l_2 - n_2l_1} = \frac{n}{l_1m_2 - l_2m_1} = \frac{1}{1} = 1$$

अत: $l = m_1n_2 - m_2n_1$, $m = n_1l_2 - n_1l_1$, तथा $n = n_2l_2 - l_1m_1$

इति सिद्धम

**प्रश्न 3. उन रेखाओं के मध्य कोण ज्ञात कीजिए, जिनके दिक्-अनुपात $a, b, c$ और $b-c, c-a, a-b$ हैं।**

**हल :** मान लीजिए उन रेखाओं के बीच कोण $\theta$ है और दिए हुए दिक्-अनुपात $a, b, c$, और $b-c, c-a, a-b$ हैं तो

$$\cos\theta = \frac{a(b-c)+b(c-a)+c(a-b)}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}\sqrt{(b-c)^2+(c-a)^2+(a-b)^2}}$$
$$= 0$$

$$\therefore \quad \theta = 90° = \frac{\pi}{2}.$$

उत्तर

**प्रश्न 4. $x$-अक्ष के समान्तर तथा मूल बिन्दु से जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** $x$-अक्ष के दिक्-कोसाइन = 1, 0, 0

$$\therefore \quad \text{अभीष्ट रेखा का समीकरण} = \frac{x-0}{1} = \frac{y-0}{0} = \frac{z-0}{0}$$
$$= \frac{x}{1} = \frac{y}{0} = \frac{z}{0}.$$

उत्तर

Durga Tutorial Since 1996 Banjapur

**प्रश्न 5. यदि बिन्दुओं $A, B, C$ और $D$ के निर्देशांक क्रमशः $(1, 2, 3)$, $(4, 5, 7)$, $(-4, 3, -6)$ और $(2, 9, 2)$ हैं तो $AB$ और $CD$ रेखाओं के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।**

हल : $A(1, 2, 3)$, $B(4, 5, 7)$ को मिलाने वाली रेखा के दिक्-अनुपात $= 4 - 1, 5 - 2, 7 - 3$ या $3, 3, 4$

तथा रेखा $C(-4, 3, -6)$ और $D(2, 9, 2)$ को मिलाने वाली रेखा $CD$ के दिक्-अनुपात $= 2 + 4, 9 - 3, 2 + 6$ या $6, 6, 8$ हैं।

$AB$ तथा $CD$ रेखाएँ समान्तर होगी।

यदि $$\frac{a_1}{a_2} = \frac{3}{6} = \frac{1}{2}, = \frac{b_1}{b_2} = \frac{3}{6} = \frac{1}{2}, \frac{c_1}{c_2} = \frac{4}{8} = \frac{1}{2}$$

$$\therefore \quad \frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$$

$AB$ और $CD$ आपस में समान्तर हैं।

$\therefore$ इनके बीच का $0°$ हैं। उत्तर

**प्रश्न 6. यदि रेखाएँ $\frac{x-1}{-3} = \frac{y-2}{2k} = \frac{z-3}{2}$ और $\frac{x-1}{3k} = \frac{y-1}{1} = \frac{z-6}{-5}$ परस्पर लम्ब हों तो $k$ का मान ज्ञात कीजिए।**

हल : दी गयी पहली रेखा के दिक्-अनुपात $= -3, 2k, 2$

तथा दूसरी रेखा के दिक्-अनुपात $= 3k, 1, -5$

रेखाओं के परस्पर लम्ब होने के लिए,

$$a_1 . a_2 + b_1 . b_2 + c_1 . c_2 = 0$$
$$(-3) \times 3k + (2k) \times 1 + 2(-5) = 0$$
$$-9k + 2k - 10 = 0$$
$$-7k - 10 = 0$$
$$\therefore \quad k = -\frac{10}{7}$$ उत्तर

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

**प्रश्न 7. बिन्दु $(1, 2, 3)$ से जाने वाली रेखा तथा तल $\vec{r}.(\hat{i} + 2\hat{j} - 5\hat{k}) + 9 = 0$ पर लम्बवत् रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : समतल $\vec{r}.(\hat{i} + 2\hat{j} - 5\hat{k}) + 9 = 0$ के लम्ब के अनुदिश सदिश

$$= \hat{i} + 2\hat{j} - 5\hat{k}$$

$\therefore$ उस रेखा का समीकरण जो $(1, 2, 3)$ से होकर जाती है और सदिश $\hat{i} + 2\hat{j} - 5\hat{k}$ के अनुदिश है।

$$\vec{r} = \hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k} + \lambda(\hat{i} + 2\hat{j} - 5\hat{k}).$$ उत्तर

**प्रश्न 8. बिन्दु $(a, b, c)$ से जाने वाले तथा तल $\vec{r}.(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}) = 2$ के समान्तर तल का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : समतल $\vec{r}.(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}) = 2$ के समान्तर किसी भी समतल का समीकरण है

$$\vec{r}.(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}) = \lambda \quad \text{..... (i)}$$

यह तल बिन्दु $(a, b, c)$ से होकर जाता है

$$(a\hat{i}+b\hat{j}+c\hat{k}).(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k}) = \lambda$$

$$\therefore \quad a+b+c = \lambda$$

$\lambda$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\vec{r}.(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k}) = a+b+c$$

या

$$x+y+z = a+b+c$$

यह अभीष्ट समतल का समीकरण है। उत्तर

**प्रश्न 9.** रेखाओं $\vec{r} = 6\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}+\lambda(\hat{i}-2\hat{j}+2\hat{k})$ और $\vec{r} = -4\hat{i}-\hat{k}+\mu(3\hat{i}-2\hat{j}-2\hat{k})$ के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।

**हल :** दिए गए समीकरण हैं :

$$\vec{r} = 6\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}+\lambda(\hat{i}-2\hat{j}+2\hat{k})$$

और

$$\vec{r} = -4\hat{i}-\hat{k}+\mu(3\hat{i}-2\hat{j}-2\hat{k})$$

इनकी तुलना $\vec{r} = \vec{a}_1+\lambda\vec{b}_1$ और $\vec{r} = \vec{a}_2+\mu\vec{b}_2$ से करने पर,

$$\vec{a}_1 = 6\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k} \text{ तथा } \vec{b}_1 = \hat{i}-2\hat{j}+2\hat{k}$$

$$\vec{a}_2 = -4\hat{i}-\hat{k} \text{ तथा } \vec{b}_2 = 3\hat{i}-2\hat{j}-2\hat{k}$$

अब

$$\vec{a}_2-\vec{a}_1 = -4\hat{i}-\hat{k}-(6\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}) = -10\hat{i}-2\hat{j}-3\hat{k}$$

$$\vec{b}_1\times\vec{b}_2 = (\hat{i}-2\hat{j}+2\hat{k})\times(3\hat{i}-2\hat{j}-2\hat{k})$$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & -2 & 2 \\ 3 & -2 & -2 \end{vmatrix}$$

$$= (4+4)\hat{i}+(6+2)\hat{j}+(-2+6)\hat{k}$$

$$= 8\hat{i}+8\hat{j}+4\hat{k}$$

अतः

$$|\vec{b}_1\times\vec{b}_2| = \sqrt{8^2+8^2+4^2} = \sqrt{64+64+16}$$

$$= \sqrt{144} = 12$$

$$\text{दोनों रेखाओं के मध्य दूरी} = \left|\frac{(\vec{a}_2-\vec{a}_1).(\vec{b}_1\times\vec{b}_2)}{|\vec{b}_1\times\vec{b}_2|}\right|$$

$$= \left|\frac{(-10\hat{i}-2\hat{j}-3\hat{k})(8\hat{i}+8\hat{j}+4\hat{k})}{12}\right|$$

$$= \left|\frac{-10\times 8+8(-2)+4(-3)}{12}\right|$$

$$= \left|\frac{-80-16-12}{12}\right| = \left|\frac{-108}{12}\right| = 9.$$

उत्तर

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

**प्रश्न 10. उस बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जहाँ बिन्दु (5, 1, 6) और (3, 4, 1) को मिलाने वाली रेखा YZ-तल को काटती है।**

हल : बिन्दु $(x_1, y_1, z_1)$ और $(x_2, y_2, z_2)$ को मिलाने वाली रेखा का समीकरण

$$\frac{x-x_1}{x_2-x_1} = \frac{y-y_1}{y_2-y_1} = \frac{z-z_1}{z_2-z_1}$$

(5, 1, 6) और (3, 4, 1) बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा का समीकरण

$$\frac{x-5}{3-5} = \frac{y-1}{4-1} = \frac{z-6}{1-6}$$

या
$$\frac{x-5}{-2} = \frac{y-1}{3} = \frac{z-6}{-5}$$

या
$$\frac{x-5}{2} = \frac{y-1}{-3} = \frac{z-6}{5} = \lambda \text{ (मान लिया)}$$

इस रेखा पर किसी बिन्दु का निर्देशांक $(5 + 2\lambda, 1 - 3\lambda, 6 + 5\lambda)$ ....(i)

यह बिन्दु $YZ$-तल अर्थात् $x = 0$ पर स्थित है।

$$5 + 2\lambda = 0 \text{ या } \lambda = -\frac{5}{2}$$

$\lambda$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$x = 0$$

$$y = 1 - 3\lambda = 1 - 3\left(-\frac{5}{2}\right) = 1 + \frac{15}{2} = \frac{17}{2}$$

तथा
$$z = 6 + 5\lambda = 6 + 5\left(-\frac{5}{2}\right) = 6 - \frac{25}{2} = -\frac{13}{2}$$

अतः अभीष्ट बिन्दु $\left(0, \frac{17}{2}, -\frac{13}{2}\right)$. उत्तर

**प्रश्न 11. उस बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जहाँ बिन्दुओं (5, 1, 6) और (3, 4, 1) को मिलाने वाली रेखा ZX-तल को काटती है।**

हल : दिए गए बिन्दुओं (5, 1, 6) और (3, 4, 1) को मिलाने वाली रेखा का समीकरण है :

$$\frac{x-5}{3-5} = \frac{y-1}{4-1} = \frac{z-6}{1-6}$$

या
$$\frac{x-5}{-2} = \frac{y-1}{3} = \frac{z-6}{-5}$$

या
$$\frac{x-5}{2} = \frac{y-1}{-3} = \frac{z-6}{5} = \lambda \text{ (मान लिया)}$$

इसी रेखा पर माना किसी बिन्दु $P$ के निर्देशांक $(5 + 2\lambda, 1 - 3\lambda, 6 + 5\lambda)$

यह बिन्दु $ZX$-तल अर्थात् $y = 0$ पर स्थित है।

$\therefore$
$$1 - 3\lambda = 0 \text{ या } \lambda = \frac{1}{3}$$

$$x = 5 + 2\lambda = 5 + 2\left(\frac{1}{3}\right) = 5 + \frac{2}{3} = \frac{17}{3}$$

$$y = 0$$

Durga Tutorial Since Banjapur

तथा $$z = 6 + 5\lambda = 6 + 5\left(\frac{1}{3}\right) = \frac{18+5}{3} = \frac{23}{3}$$

अत: अभीष्ट बिन्दु के निर्देशांक $\left(\frac{17}{3}, 0, \frac{23}{3}\right)$ हैं। उत्तर

**प्रश्न 12. उस बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जहाँ बिन्दुओं (3, – 4, – 5) और (2, –3, 1) से गुजरने वाली रेखा, समतल $2x + y + z = 7$ के पार जाती है।**

हल : दिए गए बिन्दुओं (3, – 4, – 5) और (2, –3, 1) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण

$$\frac{x-3}{2-3} = \frac{y+4}{-3+4} = \frac{z+5}{1+5}$$

या $$\frac{x-3}{-1} = \frac{y+4}{1} = \frac{z+5}{6} = \lambda \text{ (मान लिया)}$$

इसी रेखा पर किसी बिन्दु के निर्देशांक $(3 - \lambda, -4 + \lambda, -5 + 6\lambda)$

यह ज्ञात बिन्दु समतल $2x + y + z = 7$ पर स्थित है।

$\therefore \quad 2(3 - \lambda) + (-4 + \lambda) + (-5 + 6\lambda) = 7$

$$6 - 2\lambda - 4 + \lambda - 5 + 6\lambda = 7$$

$$5\lambda = 10$$

$\therefore \quad \lambda = 2$

अत: अभीष्ट बिन्दु के निर्देशांक

$$x = 3 - \lambda = 3 - 2 = 1$$

$$y = -4 + \lambda = -4 + 2 = -2$$

$$z = -5 + 6\lambda = -5 + 6 \times 2 = 7$$

अत: अभीष्ट बिन्दु के निर्देशांक (1, –2, 7) हैं। उत्तर

**प्रश्न 13. बिन्दु (–1, 3, 2) से जाने वाले तथा समतलों $x + 2y + 3z = 5$ और $3x + 3y + z = 0$ में से प्रत्येक पर लम्ब समतल का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए बिन्दु (–1, 3, 2) से जाने वाले समतल का समीकरण है

$$a(x + 1) + b(y - 3) + c(z - 2) = 0 \quad \text{....(i)}$$

दिया गया समतल $x + 2y + 3z = 5$ पर लम्ब है

$\therefore \quad a + 2b + 3c = 0 \quad$ ....(ii)

तथा समतल $3x + 3y + z = 0$ पर लम्ब है

$\therefore \quad 3a + 3b + c = 0 \quad$ ....(iii)

समीकरण (ii) और (iii) से,

$$\frac{a}{2-9} = \frac{b}{9-1} = \frac{c}{3-6}$$

या $$\frac{a}{-7} = \frac{b}{8} = \frac{c}{-3}$$

या $$\frac{a}{7} = \frac{b}{-8} = \frac{c}{3} = \lambda \text{ (मान लिया)}$$

$\therefore \quad a = 7\lambda, b = -8\lambda$ और $c = 3\lambda$

Durga Tutorial Baniapur 1996

$a, b, c,$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$7\lambda(x+1) - 8\lambda(y-3) + 3\lambda(z-2) = 0$$

या $$7(x+1) - 8(y-3) + 3(z-2) = 0$$

या $$7x - 8y + 3z + 7 + 24 - 6 = 0$$

या $$7x - 8y + 3z + 25 = 0.$$ उत्तर

**प्रश्न 14. यदि बिन्दु (1, 1, $p$) और (– 3, 0, 1) समतल $\vec{r}.(3\hat{i}+4\hat{j}-12\hat{k})+13=0$ से समान दूरी पर स्थित हों तो $p$ का मान ज्ञात कीजिए।**

हल : हम जानते हैं कि बिन्दु $\vec{a}$ से समतल $\vec{r}.\vec{n} = d$ की दूरी

$$= \left|\frac{\vec{a_1}.\vec{n} = d}{|\vec{n}|}\right|$$

दिया है : $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + p\hat{k},\ \vec{n} = 3\hat{i}+4\hat{j}-12\hat{k},\ d = -13$

$\therefore$ दिए गए बिन्दु से समतल की दूरी, $d_1 = \dfrac{\vec{a_1}(\vec{n_1}) - d}{\vec{n_r}}$

$$= \left|\frac{(\hat{i}+\hat{j}+p\hat{k}).(3\hat{i}+4\hat{j}-12\hat{k})+13}{\sqrt{9+16+144}}\right|$$

$$= \left|\frac{(3+4-12p)+13}{\sqrt{169}}\right| = \left|\frac{20-12p}{13}\right|$$

साथ ही बिन्दु (–3, 0, 1) से समतल $\vec{r}.(3\hat{i}+4\hat{j}-12\hat{k}) + 13 = 0$ से दूरी,

$$d_2 = \left|\frac{(-3\hat{i}+\hat{k}).(3\hat{i}+4\hat{j}-12\hat{k})+13}{\sqrt{3^2+4^2+12^2}}\right| = \left|\frac{-9-12+13}{13}\right| = \frac{8}{13}$$

अब $$d_1 = d_2$$

$$\left|\frac{20-12p}{13}\right| = \pm\frac{8}{13}$$

$$20 - 12p = \pm 8$$

धनात्मक चिन्ह लेने पर, $20 - 12p = 8$

$\therefore$ $12p = 20 - 8 = 12$ या $p = 1$

तथा ऋणात्मक चिन्ह लेने पर, $20 - 12p = -8,$

$\therefore$ $12p = 20 + 8 = 28$

$\therefore$ $$p = \frac{28}{12} = \frac{7}{3}$$

अत: $$p = 1 \text{ या } \frac{7}{3}.$$ उत्तर

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

**प्रश्न 15. समतलों $\vec{r}.(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})=1$ और $\vec{r}.(2\hat{i}+3\hat{j}-\hat{k})+4=0$ के प्रतिच्छेदन रेखा से जाने वाले तथा $x$-अक्ष के समान्तर तल का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दिए गए समतलों के प्रतिच्छेदन से जाने वाले समतल का समीकरण

$$\vec{r}.(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})-1+\lambda[\vec{r}.(2\hat{i}+3\hat{j}-\hat{k})+4]=0$$

या $$\vec{r}.[(1+2\lambda)\hat{i}+(1+3\lambda)\hat{j}+(1-\lambda)\hat{k}]-1+4\lambda=0 \quad ....(i)$$

∵ यहाँ तल, $x$-अक्ष के समान्तर है।

∴ $x$-अक्ष के दिक्-कोसाइन 1, 0, 0 हैं।

समतल का लम्ब सदिश $[(1+2\lambda)\hat{i}+(1+3\lambda)\hat{j}+(1-\lambda)\hat{k}]$ के अनुदिश है।

अत: $$1.(1+2\lambda)=0 \text{ या } \lambda=-\frac{1}{2}$$

$\lambda$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\vec{r}.\left[\left(1-2\times\frac{1}{2}\right)\hat{i}+\left(1-\frac{3}{2}\right)\hat{j}+\left(1+\frac{1}{2}\right)\hat{k}\right]-1-\frac{4}{2}=0$$

या $$\vec{r}.\left(-\frac{1}{2}\hat{j}+\frac{3}{2}\hat{k}\right)-3=0$$

या $$\vec{r}.(-\hat{j}+3\hat{k})-6=0$$

या $$\vec{r}.(\hat{j}-3\hat{k})+6=0 \text{ या } y-3z+6=0$$

यह अभीष्ट समतल का समीकरण है। **उत्तर**

**प्रश्न 16. यदि $O$ मूल बिन्दु तथा बिन्दु $P$ के निर्देशांक $(1, 2, -3)$ हैं तो बिन्दु $P$ से जाने वाले तथा $OP$ के लम्बवत् तल का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** मूल बिन्दु तथा $P(1, 2, -3)$ से होकर जाने वाली वाली रेखा के दिक्-अनुपात $1-0, 2-0, -3-0$ या $1, 2, -3$ हैं।

और समतल $P(1, 2, -3)$ से होकर जाता है। अत: अभीष्ट समतल का समीकरण

$$a(x-x_1)+b(y-y_1)+c(z-z_1)=0$$

$$1.(x-1)+2(y-2)-3(z+3)=0$$

या $$x-1+2y-4-3z-9=0$$

या $$x+2y-3z-14=0.$$ **उत्तर**

**प्रश्न 17. समतलों $\vec{r}.(\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})-4=0$, और $\vec{r}.(2\hat{i}+\hat{j}-\hat{k})+5=0$ के प्रतिच्छेदन रेखा को अन्तर्विष्ट करने वाले तथा तल $\vec{r}.(5\hat{i}+3\hat{j}-6\hat{k})+8=0$ के लम्बवत् तल का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दिए गए समतल हैं : $$\vec{r}.(\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})-4=0$$

और $$\vec{r}.(2\hat{i}+\hat{j}-\hat{k})+5=0$$

इनकी प्रतिच्छेदन रेखा से जाने वाले समतल का समीकरण

$$\vec{r}.(\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})-4+\lambda[\vec{r}.(2\hat{i}+\hat{j}-\hat{k})+5]=0$$

Durga Tutorial Since 1996 Banlapur

या $\quad \vec{r}.(1+2\lambda)\hat{i}+(2+\lambda)\hat{j}+(3-\lambda)\hat{k}]-4+5\lambda = 0$

जोकि समतल $\vec{r}.(5\hat{i}+3\hat{j}-6\hat{k})+8=0$ के लम्बवत् है।

अर्थात् $\quad (1+2\lambda)\times 5+(2+\lambda)\times 3+(3-\lambda)\times(-6) = 0$

या $\quad 5+10\lambda+6+3\lambda-18+6\lambda = 0$

या $\quad 19\lambda - 7 =$ या $\lambda = \dfrac{7}{19}$

$\lambda$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\vec{r}.\left[\left(1+2.\frac{7}{19}\right)\hat{i}+\left(2+\frac{7}{19}\right)\hat{j}+\left(3-\frac{7}{19}\right)\hat{k}\right]-4+5\times\frac{7}{19} = 0$$

या $$\vec{r}.\left[\frac{33}{19}\hat{i}+\frac{45}{19}\hat{j}+\frac{50}{19}\hat{k}\right]-\frac{41}{19} = 0$$

या $\quad \vec{r}.(33\hat{i}+45\hat{j}+50\hat{k})-41 = 0$

या $\quad 33x+45y+50z = 41$

यही अभीष्ट तल का समीकरण है। **उत्तर**

**प्रश्न 18.** बिन्दु (– 1, – 5, –10) से रेखा $\vec{r}=2\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}+\lambda(3\hat{i}+4\hat{j}+2\hat{k})$ और समतल $\vec{r}.(\hat{i}-\hat{j}+\hat{k})=5$ के प्रतिच्छेदन बिन्दु के मध्य की दूरी ज्ञात कीजिए।

हल : रेखा और समतल के समीकरण हैं :

$$\vec{r} = 2\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}+\lambda(3\hat{i}+4\hat{j}+2\hat{k}) \quad ....(i)$$

और $$\vec{r}.(\hat{i}-\hat{j}+\hat{k}) = 5 \quad ....(ii)$$

समीकरण (i) तथा (ii) को हल करने पर,

$$[2\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}+\lambda(3\hat{i}+4\hat{j}+2\hat{k})].(\hat{i}-\hat{j}+\hat{k}) = 5$$

या $(2\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}).(\hat{i}-\hat{j}+\hat{k})$

$$+\lambda[(3\hat{i}+4\hat{j}+2\hat{k}).(\hat{i}-\hat{j}+\hat{k})] = 5$$

या $\quad (2+1+2)+\lambda(3-4+2) = 5$

या $\quad 5+\lambda(1) = 5$ या $\lambda = 0$

$\lambda$ का मान समी. (i) में रखने पर, $\quad \vec{r} = 2\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}$

दिया गया बिन्दु (– 1, – 5, – 10) $= -\hat{i}-5\hat{j}-10\hat{k}$

इन बिन्दुओं के मध्य दूरी $= \sqrt{[2-(-1)]^2+(-1+5)^2+(2+10)^2}$

$= \sqrt{3^2+4^2+12^2}$

$= \sqrt{9+16+144}$

$= 13.$ **उत्तर**

Durga Tutorial
Banjapur

**प्रश्न 19. बिन्दु (1, 2, 3) से जाने वाली तथा समतलों $\vec{r}.(\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k})=5$ और $\vec{r}.(3\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})=6$ के समान्तर रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए बिन्दु (1, 2, 3) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण

$$\vec{r}=\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}+\lambda(a\hat{i}+b\hat{j}+c\hat{k}) \quad \text{...(i)}$$

रेखा समतल $\vec{r}.(\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k})=5$ के समान्तर है।
समतल का अभिलम्ब और रेखा (i) परस्पर लम्बवत् है।

$$\therefore \quad a-b+2c=0 \quad \text{...(ii)}$$

इसी प्रकार रेखा (i) और समतल $\vec{r}.(3\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})=6$ समान्तर है।
$\Rightarrow$ रेखा (i) और समतल का अभिलम्ब परस्पर लम्बवत् है।

$$\Rightarrow \quad 3a+b+c=0 \quad \text{...(iii)}$$

समीकरण (ii) और (iii) को हल करने पर,

$$\frac{a}{-1-2}=\frac{b}{6-1}=\frac{c}{1+3}$$

या
$$\frac{a}{-3}=\frac{b}{5}=\frac{c}{4} \text{ या } \frac{a}{3}=\frac{b}{-5}=\frac{c}{-4}$$

$a, b$ का $c$ के मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\vec{r}=\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}+\lambda(3\hat{i}-5\hat{j}-4\hat{k})$$
$$=\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}+\lambda(-3\hat{i}+5\hat{j}+4\hat{k}).$$

उत्तर

**प्रश्न 20. बिन्दु (1, 2, –4) से जाने वाली और दोनों रेखाओं $\frac{x-8}{3}=\frac{y+19}{-16}=\frac{z-10}{7}$ और $\frac{x-15}{3}=\frac{y-29}{8}=\frac{z-5}{-5}$ पर लम्ब रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए अभीष्ट रेखा

$$\vec{r}=\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda(a\hat{i}+b\hat{j}+c\hat{k}) \quad \text{...(i)}$$

रेखाओं के समीकरण हैं : $\frac{x-8}{3}=\frac{y+19}{-16}=\frac{z-10}{7}$

और $\vec{r}=\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda(a\hat{i}+b\hat{j}+c\hat{k})$ आपस में लम्ब हैं।
अत: इन रेखाओं के दिक्-अनुपात 3, –16, 7 और $a, b, c$ हैं। ये रेखाएँ परस्पर लम्ब होंगी यदि

$$3a-16b+7c=0 \quad \text{...(ii)}$$

इसी प्रकार रेखा $\frac{x-15}{3}=\frac{y-29}{8}=\frac{z-5}{-5}$

और $\vec{r}=\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda(a\hat{i}+b\hat{j}+c\hat{k})$ के दिक्-अनुपात 3, 8, –5 और $a, b$ तथा $c$ हैं। ये परस्पर लम्बवत् होंगी यदि

$$\therefore \quad 3a-8b-5c=0 \quad \text{...(iii)}$$

Durga Tutorial Since Baniapur

समीकरण (ii) और (iii) को हल करने पर,

$$\frac{a}{80-56} = \frac{b}{21+15} = \frac{c}{24+48}$$

या
$$\frac{a}{24} = \frac{b}{36} = \frac{c}{72}$$

या
$$\frac{a}{2} = \frac{b}{3} = \frac{c}{6}$$

$a, b$ तथा $c$ के मान समी. (i) में रखने पर

$$\vec{r} = \hat{i} + 2\hat{j} - 4\hat{k} + \lambda(2\hat{i} + 3\hat{j} + 6\hat{k}).$$

यही अभीष्ट रेखा का समीकरण है। उत्तर

**प्रश्न 21. यदि एक समतल के अन्तःखण्ड $a, b, c$ हैं और इसकी मूल बिन्दु से दूरी $p$ इकाई है तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}+\frac{1}{c^2}=\frac{1}{p^2}$.**

हल : ऐसे समतल का समीकरण जिसके अन्तःखण्ड $a, b, c$ हैं।

$$\frac{x}{a}+\frac{y}{b}+\frac{z}{c} = 1$$

समतल की मूल बिन्दु से दूरी $= p$

अतः
$$p = \frac{1}{\sqrt{\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}+\frac{1}{c^2}}}$$

या
$$p^2 = \frac{1}{\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}+\frac{1}{c^2}}$$

या
$$\frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}+\frac{1}{c^2} = \frac{1}{p^2}.$$
इति सिद्धम्।

Durga Tutorial Since Baniapur

**प्रश्न 22 और 23 में सही उत्तर का चुनाव कीजिए :**

**प्रश्न 22. दो समतलों $2x + 3y + 4z = 4$ और $4x + 6y + 8z = 12$ के बीच की दूरी है :**

(A) 2 इकाई (B) 4 इकाई

(C) 8 इकाई (D) $\frac{2}{\sqrt{29}}$ इकाई

हल : समतल के समीकरण,

$$2x + 3y + 4z = 4 \quad \text{...(i)}$$

और
$$4x + 6y + 8z = 12$$

या
$$2x + 3y + 4z = 6 \quad \text{...(ii)}$$

∴ समतल (i) तथा (ii) के बीच की दूरी

$$= \frac{6-4}{\sqrt{2^2+3^2+4^2}}$$
$$= \frac{2}{\sqrt{4+9+16}} = \frac{2}{\sqrt{29}}$$

अतः विकल्प (D) सही है। उत्तर

**प्रश्न 23.** समतल $2x - y + 4z = 5$ और $5x - 2.5y + 10z = 6$ हैं–

(A) परस्पर लम्ब

(B) समान्तर

(C) $y$-अक्ष पर प्रतिच्छेदन करते हैं

(D) बिन्दु $\left(0, 0, \frac{5}{4}\right)$ से गुजरते हैं।

**हल :** समतल के समीकरण

$$2x - y + 4z = 5$$

और

$$5x - 2.5y + 10z = 6$$

उपरोक्त समीकरणों में $x, y$ तथा $z$ के गुणांकों की तुलना करने पर,

$$\frac{2}{5} = \frac{-1}{-2.5} = \frac{4}{10}$$

या

$$\frac{2}{5} = \frac{10}{25} = \frac{2}{5}$$

या

$$\frac{2}{5} = \frac{2}{5} = \frac{2}{5}$$

अर्थात् दोनों ही समतल समान्तर हैं।

अतः विकल्प (B) सही है। **उत्तर**

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

# Durga Tutorial

Online Classes

# Thank You For Downloading Notes

ज्यादा जानकारी के लिए हमें
**Social Media पर Follow करें।**

https://www.facebook.com/durgatutorial23/?modal=admin_todo_tour

https://twitter.com/DurgaTutorial

https://www.instagram.com/durgatutorial/

https://www.youtube.com/channel/UC5AJcz6Oizfohqj7eZvgeHQ

9973735511